दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क
www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak
वर्ष: 3 | अंक: 202 जयपुर, सोमवार, 01 जुलाई, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष- दशमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### जनरल द्विवेदी ने संभाली सेना की कमान, पांडे सेवानिवृत्त



**नई दिल्ली।** जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने रविवार को 30वें सेना प्रमुख के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया। उन्हें जनरल मनोज पांडे के स्थान पर नियुक्त किया गया है, जो चार दशकों से भी अधिक लंबी विशिष्ट सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। जनरल मनोज पांडे ने यहां साउथ ब्लाक स्थित रक्षा मंत्रालय के कार्यालय में जनरल द्विवेदी को सेना की कमान सौंपी। जनरल पांडे का कार्यकाल पिछले महीने पूरा होना था, लेकिन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर उन्हें एक महीने का सेवा विस्तार दिया गया था।

### चौमूं में धर्म परिवर्तन की सूचना को लेकर हंगामा



**जयपुर।** जयपुर जिले चौमूं कस्बे में धर्म परिवर्तन की सूचना को लेकर रविवार को बड़ा हंगामा हो गया। चौमूं में सैकड़ों लोग रैगर बस्ती में एकत्रित हुए और एक मकान में चल रही प्रार्थना सभा में धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाने लगे। हंगामे की सूचना मिलने पर चौमूं पुलिस मौके पर पहुंची, जहां एक मकान में कई महिलाएं और पुरुष एकत्रित होकर प्रार्थना कर रहे थे। प्रार्थना कराने वाले जयपुर निवासी सत्येंद्र स्टीफन से कार्यक्रम की अनुमति के बारे में पूछा तो उसने कहा कि कोई अनुमति नहीं ली गई है। इसके बाद पुलिस ने सभी लोगों को रवाना कर दिया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

## वर्ल्ड कप चैंपियन बनते ही भारतीय टीम के लिए इनाम की घोषणा... बीसीसीआई सचिव जय शाह ने किया ऐलान

# BCCI ने टीम इंडिया के लिए खोली तिजोरी... देगा 125 करोड़

**एजेंसी** | नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप में चैंपियन बनने पर टीम इंडिया पर इनाम की बौछार हो गई। बीसीसीआई ने विश्व विजेता टीम के लिए 125 करोड़ रुपए की भारी-भरकम राशि का ऐलान किया है।

खुद बीसीसीआई सचिव जय शाह ने एक्स पर इसका ऐलान किया। उन्होंने लिखा है कि भारतीय टीम के आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप में चैंपियन बनने पर यह खास प्राइज मनी दी जा रही है। इसके साथ ही जय शाह ने अपनी इस पोस्ट में टीम इंडिया की जमकर तारीफ भी की है। जय शाह ने लिखा है कि टी20 वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय टीम ने अद्वितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। इसके अलावा उसने अपनी दृढ़ता और खेलभावना से मैचों के साथ-साथ लोगों के दिल भी जीते हैं। बीसीसीआई ने टीम इंडिया को बधाई देते हुए लिखा है कि सभी खिलाड़ियों, कोच और सपोर्ट स्टाफ को इस बेहतरीन उपलब्धि पर ढेर सारी बधाइयां।

इससे पहले एमएस धोनी की कप्तानी में भारत ने जब 2007 में दक्षिण अफ्रीका में पहला टी-20 विश्व कप जीता था और फिर उन्हीं की कप्तानी में 2011 का वनडे वर्ल्ड चैंपियन बना था, तब हर खिलाड़ी को 2-2 करोड़ रुपए कैश प्राइस दिए गए थे।




### ICC से मिले 20.36 करोड़

टीम इंडिया दूसरी बार टी20 विश्वकप जीतने में सफल रही। विजेता भारतीय टीम को आईसीसी की तरफ से 20.36 करोड़ रुपए मिले हैं, वहीं उप विजेता दक्षिण अफ्रीका को 10.64 करोड़ रुपए मिले। इसके अलावा सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम अफगानिस्तान और इंग्लैंड की टीम को भी 6.54-6.54 करोड़ रुपए दिए गए।

### विराट कोहली के बाद रोहित और जडेजा ने भी लिया T-20 से संन्यास

**बारबाडोस।** भारत को दूसरा टी-20 विश्वकप खिताब दिलाने वाले टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने रन मशीन विराट कोहली के टी-20 को अलविदा कहने के बाद कुछ देर बाद अपने संन्यास की घोषणा की। इसके साथ ही एक और भारतीय क्रिकेटर रविंद्र जडेजा ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है। विश्व कप जीतने के तुरंत बाद पूर्व कप्तान विराट कोहली ने प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड लेते ही संन्यास का ऐलान किया था। इसके कुछ ही देर बाद विश्व विजेता टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने संन्यास का फैसला सुनाया।

## मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के शुभारंभ पर बोले CM...

# किसान समृद्धि से ही साकार होगा विकसित राजस्थान का सपना

**65 लाख** किसानों के खातों में 653 करोड़ ट्रांसफर

**20 हजार** किसानों को मिली फार्म पौंड की सौगात

**21** कस्टम हायरिंग केंद्रों की होगी स्थापना

**80 हजार** किसानों को मिला 350 करोड़ का अल्पकालीन फसली ऋण

**47 हजार** किसानों को कृषि कनेक्शन

**बेधड़क** | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश के लिए अन्न उपजाने वाले किसान भाइयों को सशक्त बनाना हमारी डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता है। राज्य सरकार द्वारा किसान कल्याण की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। किसान की समृद्धि से ही विकसित एवं खुशहाल राजस्थान का सपना साकार होगा। हमारी सरकार संकल्प पत्र के सभी वादों को पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री रविवार को टोंक की कृषि उपज मंडी में 'मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना' के राज्यस्तरीय शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत प्रदेश के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 6 हजार रुपए की राशि के साथ ही, 2 हजार रुपए अतिरिक्त दिए जाएंगे। इसी क्रम में राज्य सरकार की ओर से एक हजार रुपए की पहली किस्त के तौर पर 65 लाख से अधिक किसानों के खातों में 653 करोड़ रुपए सीधे जमा किए गए हैं। सीएम ने कहा कि किसान भाइयों को सम्मान और संबल देने की प्रेरणा हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिली है। इस योजना के माध्यम से हर वर्ष किसानों के खातों में 6 हजार रुपए जमा करवाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज सहकार व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना के तहत पात्र महिलाओं को 10-10 लाख रुपए की सहायता राशि के चेंक सौंपे।

इस दौरान उन्होंने कृषि उपज मंडी पौधरोपण किया। इस अवसर पर कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, जलदाय मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, सहकारिता राज्यमंत्री गौतम कुमार दक, ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर, किसान आयोग के अध्यक्ष सी.आर.चौधरी, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया आदि मौजूद रहे।






सीएम ने कहा कि राज्य के 47 हजार किसानों को कृषि कनेक्शन जारी किए गए हैं। किसानों को बिजली के बिलों में 8 हजार करोड़ रुपए से अधिक का अनुदान दिया गया है। किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने तथा प्रदेश को बिजली सरप्लस राज्य बनाने के लिए 2.24 लाख करोड़ के एमओयू किए गए हैं। प्रदेश के 80 हजार से अधिक किसानों को 350 करोड़ रुपए का अल्पकालीन फसली ऋण मिला है तथा 21 कस्टम हायरिंग केंद्रों की स्थापना की जा रही है।

### किसानों का कल्याण करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे भी किसान का बेटा हैं। उनकी परेशानियों को भली-भांति जानता हूं, इसलिए हमारी सरकार किसान हितों की रक्षा में सदैव तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि राज्य में गेहूं के 2275 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के ऊपर 125 रुपए का बोनस प्रदान कर 2400 रुपए प्रति क्विंटल पर गेहूं खरीद की गई है। प्रदेश में 10 हजार सौर ऊर्जा संयंत्रों, 41 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में ड्रिप और मिनी स्प्रिंकलर तथा 44 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में स्प्रिंकलर संयंत्रों की स्थापना की गई है।



## एडहॉक कमेटी का कार्यकाल बढ़ाया

# आरसीए का चुनाव तीन महीने टला

■ गोयल की जगह विमल शर्मा को बनाया सदस्य

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का चुनाव तीन महीने के लिए टल गया है। इससे पहले लोकसभा चुनाव के कारण आरसीए के चुनाव में देरी हुई थी। वहीं भजनलाल सरकार ने बीजेपी विधायक और श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष जयदीप बिहानी को फिर से एडहॉक कमेटी का संयोजक बनाया है। जानकारी के मुताबिक सितंबर महीने के अंत तक चुनाव कराए जाने की संभावना है। इस कमेटी में आरसीए के सदस्य नागौर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष धनंजय सिंह खींवसर, पाली जिला क्रिकेट संघ के सचिव धर्मवीर सिंह, झुंझुनूं जिला क्रिकेट संघ के सचिव हरिशचंद्र सिंह और बीकानेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव रतन सिंह शेखावत को फिर से जिम्मेदारी दी गई है, जबकि अलवर जिला क्रिकेट संघ के सचिव पवन गोयल की जगह जैसलमेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव विमल शर्मा को कमेटी में सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।




### मार्च में भंग हुई थी कार्यकारिणी

राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की कार्यकारिणी 28 मार्च 2024 को भंग हुई थी। आरसीए के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं और नियमों की अवहेलना को देखते हुए खेल परिषद ने 22 फरवरी को कार्रवाई की। इस दौरान आरसीए ऑफिस सील कर दिया था। हालांकि आरसीए की ओर से 29 फरवरी, 4 मार्च, 12 मार्च और 19 मार्च को अपना पक्ष रख सफाई दी गई, लेकिन आरसीए के पदाधिकारियों ने ऑफिस सील होने की वजह से दस्तावेज नहीं जमा करने की बात कही।

## जयपुर सहित एक दर्जन शहरों में बरसे मेघ

# चूरू में दो इंच बरसात

**जयपुर।** राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के एक दर्जन शहरों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। चूरू में सबसे ज्यादा 2 इंच बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आगामी 4-5 दिनों में पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में भारी बारिश तथा कहीं कहीं पर अति भारी बारिश होने की संभावना है एवं पश्चिमी राजस्थान के कुछ भागों हल्के से मध्यम बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। चूरू के अलावा जयपुर, वनस्थली, अलवर, डूंगरपुर, माउंट आबू, बारां, श्रीगंगानगर, करौली, दौसा, भरतपुर सहित कुछ शहरों में बारिश हुई। 41.3 डिग्री के साथ श्रीगंगानगर का दिन और 31.4 डिग्री के साथ फलौदी की रात सबसे गर्म रही। इसके अलावा बीकानेर, चूरू और फतेहपुर का दिन का पारा 40 और फलौदी के अलावा जैसलमेर और संगरिया का रात का पारा 30 पार दर्ज किया गया। जयपुर में 3.7 मिमी बारिश दर्ज की गई। जयपुर के दिन तापमान में मामूली बढ़ोतरी तो रात के तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई।

## करीब 20 साल से अटकी थी परियोजना

# 72 हजार करोड़ से पूरी होगी पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना

**बेधड़क** | भोपाल

राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच करीब 20 साल से अटकी पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना को अब रफ्तार मिल गई है।

इस परियोजना को लेकर दोनों राज्यों की सरकारों ने संयुक्त प्रयास से शुरू कर दिए हैं। रविवार को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा और मध्यप्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव 'पार्वती-कालीसिंध-चंबल अंतरराज्यीय नदी लिंक परियोजना के कार्यान्वयन के लिए संयुक्त पहल' में शामिल हुए। इस दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छोटे-छोटे इश्यू को लेकर दोनों राज्य लगभग 20 साल से बिना बात के उलझे रहे। हम मानते हैं कि राज्यों के अपने कुछ हित होते हैं, लेकिन हमको एक और निगाह रखनी पड़ेगी, वह है देश हित। देश हित से बड़ा कोई हित नहीं हो सकता है। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि एमपी-राजस्थान दोनों ऐसे प्रदेश हैं जिनके पास जमीन है, लेकिन सिंचाई के साधन कम है। ये योजना ऐसी हैं कि दोनों राज्य मिलकर इसे आगे बढ़ाएंगे। यह योजना इतनी बड़ी है कि राजस्थान के लगभग 13 जिले इसमें आ रहे हैं और करीब मध्यप्रदेश के भी इतने ही जिले इसमें आते हैं। जहां सिंचाई की सुविधा मिलेगी।

### रामपथ की तरह बनेगा कृष्ण पथ

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि इस योजना से दोनों प्रदेशों को लाभ होगा। साथ ही आपसी रिश्ते भी सुदृढ़ होंगे। इसके अतिरिक्त कुछ योजनाएं मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों मिलकर आगे बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण राजस्थान में भी आए थे। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कृष्ण पथ बनाने का प्रस्ताव दिया है। भगवान उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण करने आए थे।



### दोनों राज्यों की कायापलट कर देगा प्रोजेक्ट

इस परियोजना में तीन नदियों को जोड़ने पर कुल 72 हजार करोड़ का खर्च आएगा। यह परियोजना दोनों राज्यों की कायापलट कर देगा। इसमें मध्य प्रदेश का हिस्सा 35 हजार करोड़ और राजस्थान का 37 हजार करोड़ रुपए है। परियोजना के पूरा होने पर कुल 6.17 लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई होगी। इससे मध्य प्रदेश और राजस्थान के लाखों किसानों को फायदा होगा। परियोजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश में कुल 17 बैराज बनाए जाएंगे। वहीं, राजस्थान में कूल, पार्वती, कालीसिंध, मेज नदी पर एक-एक और बनास नदी पर दो मिलाकर कुल 6 बैराज बनेंगे। 2.80 लाख हेक्टेयर जमीन की सिंचाई क्षमता में वृद्धि होगी। इसके साथ ही ईसरदा और 26 अन्य बांधों का नवीनीकरण और एकीकरण किया जाएगा।

### 2004 में प्रस्तावित हुई थी परियोजना

पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक राष्ट्रीय परियोजना मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच 2004 में प्रस्तावित हुई थी, लेकिन दोनों सरकारों के बीच पानी के बंटवारे को लेकर सहमति नहीं बन पाई।

### खाटूश्याम से महाकाल तक कॉरिडोर

राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच खाटू श्याम से महाकाल तक कॉरिडोर बनाने के प्रयास होंगे। इससे राजस्थान- मध्यप्रदेश में पर्यटक संख्या बढ़ेगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि रणथंभौर से टाइगर मध्य प्रदेश आ जाते हैं। इसी तरह मध्य प्रदेश से चीते राजस्थान के बारां जिले पहुंच जाते हैं। वन्य-प्राणियों के संरक्षण और पर्यटन के लिए दोनों राज्यों में योजना बनाई जाएगी।

## जरूरी खबर

### जल भवन में आज लॉन्च होगे दो नए पोर्टल




**जयपुर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी सोमवार को जल भवन में नए आईटी पोर्टल 'कार्य प्रबंधन प्रणाली' और 'राजस्थान जेजेएम डैशबोर्ड' को लॉन्च करेंगे। इस पोर्टल से पीएचईडी डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ेगा। जलदाय विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि कार्य प्रबंधन प्रणाली पोर्टल से जल प्रदाय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति रिपोर्टिंग सहित अन्य आवश्यक पहलुओं का प्रबंधन किया जाएगा। वहीं कॉन्टैक्टर्स की गतिविधियों का सुनियोजित संचालन किया जाएगा।

### कॉन्ट्रेक्ट कैरिज बस ऑपरेटर्स 3 से करेंगे चक्काजाम

**जयपुर।** ऑल राजस्थान कॉन्ट्रेक्ट कैरिज बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन की बैठक रविवार को हुई। इसमें अन्य राज्यों में पंजीकृत बसो के खिलाफ परिवहन विभाग पर दोहरी निति अपनाते का आरोप लगाया। पिछले दिनों संगठन के प्रतिनिधियों से एसीएस श्रेया गुहा एवं परिवहन आयुक्त मनीषा अरोड़ा के साथ हुई वार्तालाप में सरकार ने सात दिवस में समस्या समाधान के लिए कहा था, लेकिन अब तक भी परिवहन विभाग ने कार्रवाई नहीं की है। इसको देखते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रदेश के सभी बस संगठनों द्वारा आगामी 3 जुलाई से अनिश्चितकालीन चक्काजाम किया जाएगा।

### लोकतंत्र सेनानी के परिवार को किया सम्मानित



**चाकसू।** कस्बे के निवासी लोकतंत्र सेनानी दिवंगत प्रकाशचन्द शर्मा के परिजनों को सम्मानित करने के लिए ग्राम राडोली के विनोद शर्मा अपने परिवार सदस्यों के साथ उनके घर पहुंचे। इस मौके पर लोकतंत्र सेनानी निवास पर पत्नी बीनादेवी शर्मा, पुत्र अंकुर शर्मा, शुभम एवं परिजनों का माला पहना एवं साफा पहनकर सम्मान किया गया। साथ ही भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्मृति चिह्न स्वरूप भेंट की। गौरतलब है कि हालही में मुख्यमंत्री भजनलाल ने लोकतंत्र सेनानी के परिवार को ताम्र पत्र भेंट कर सम्मानित किया था। शर्मा ने बताया कि प्रकाशचंद शर्मा का आपातकाल में किए संघर्ष हमें गौरवान्वित करते हैं। इस अवसर पर मधु शर्मा, पवन शर्मा, रवि कुमार, रेनू, विजयलक्ष्मी, नवीन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

---

केंद्र सरकार में पर्यटन मंत्री बनने के बाद पहली बार जोधपुर पहुंचे गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा...

# PM मोदी का लक्ष्य भारत को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना

**बेधड़क । जयपुर**

केंद्र सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री बनने के बाद गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को पहली बार जोधपुर पहुंचे। सुबह करीब दस बजे उनकी ट्रेन जोधपुर स्टेशन पहुंची, जहां बड़ी संख्या में पूरे लोकसभा क्षेत्र से आए भाजपा के कार्यकर्ताओं ने शेखावत का गर्मजोशी से स्वागत किया।

कार्यकर्ता उनको कंधों पर बिठाकर लेकर गए। शेखावत ने भी किसी को निराश नहीं किया। सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन स्वीकार किया और करीब 1 घंटे तक रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर ही वे भीड़ के बीच रहे। इसके बाद



खुली जीप में भाजपा की विधायकों के साथ रवाना हुए।

शेखावत ने कहा कि कार्यकर्ताओं के बदौलत तीसरी बार चुनाव जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टीम में शामिल हुआ हूं। उन्होंने मुझे बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। मुझे तीसरी बार जनता की सेवा करने का मौका दिया है। प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बने, इसमें पर्यटन का बहुत बड़ा योगदान रहेगा। हम सब मिलकर इस क्षेत्र में काम करेंगे।

### जगह-जगह स्वागत को आतुर रहे कार्यकर्ता

शेखावत खुली जीप से रेलवे स्टेशन रोड पुरी तिराहे से होते हुए बाल निकेतन स्कूल के लिए रवाना हुए, जहां रास्ते में जगह-जगह पर कार्यकर्ताओं और अलग-अलग संगठनों ने उनका स्वागत किया। बाल निकेतन स्कूल में भी उनका स्वागत समारोह रखा गया है। रेलवे स्टेशन पर शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़ सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, जोधपुर विधायक अतुल भंसाली, फलोदी विधायक पब्बा राम बिश्नोई, पोकरण विधायक महेंद्र प्रताप पुरी, सोजत विधायक संजना, अगारी महापौर वनिता सेठ सहित भाजपा जोधपुर संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अधिकारियों की ली बैठक

पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने रविवार दोपहर 4 बजे जोधपुर जिले के अधिकारियों की डीआरडीए हाल में बैठक ली। इसमें उन्होंने पर्यटन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। इसके अलावा शहर के विकास को लेकर चल रहे कामों को लेकर भी फीडबैक लिया। शेखावत ने हालही में बारिश से जोधपुर में बिगड़े हालातों पर भी अधिकारियों के साथ चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### लाडनूं का मान रखने का दिलाया भरोसा



**कुचामनसिटी।** केंद्रीय केबिनेट में संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के रविवार को ट्रेन से लाडनूं पहुंचने पर यहां भी रेलवे स्टेशन पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। कार्यकर्ता उनके दूसरी बार मोदी सरकार में केबिनेट मंत्री के रूप में शामिल होने को लेकर उत्साहित थे। इस अवसर पर उन्हें रेलवे संबंधी कुछ मांगों का ज्ञापन भी सौंपा गया। शेखावत ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे लाडनूं का सदैव ध्यान रखेंगे।

---

CM भजनलाल ने चिकित्सा विभाग की 3 योजनाओं को किया शुरू

# ऑनलाइन होगा सेहत का रिकॉर्ड अनावश्यक जांचों से मिलेगी मुक्ति

**बेधड़क । जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेशवासियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। इसके लिए आवश्यक है कि राज्य का प्रत्येक नागरिक सेहतमंद हो, तभी 'स्वस्थ राजस्थान' का संकल्प साकार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों की सेहत का रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध होने से उन्हें त्वरित और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी और अनावश्यक स्वास्थ्य जांचों एवं दवाओं पर होने वाले खर्च से भी बचा जा सकेगा।

मुख्यमंत्री शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर चिकित्सा विभाग के तीन अभियानों का शुभारम्भ किया। उन्होंने पोलियो दिवस के अवसर पर 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर प्रदेश में 'राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान' की शुरूआत की। उन्होंने 'स्टॉप डायरिया अभियान-2024' एवं आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 'आभा आईडी बनाओ' अभियान का भी शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शर्मा तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने तीनों अभियानों के पोस्टर्स का विमोचन कर लाभार्थियों को आभा आईडी कार्ड प्रदान किए तथा बच्चों को ओआरएस के पैकेट एवं जिंक की गोलियां बांटी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में निचले स्तर तक ऐसा सिस्टम विकसित किया जाए, जिससे हर बच्चे के जन्म के साथ ही उसका एक यूनिक हैल्थ आईडी नम्बर जनरेट हो जाए और भविष्य में उसके स्वास्थ्य से संबंधित हर जानकारी उस आईडी के तहत दर्ज की जाए। पुराना रिकॉर्ड उपलब्ध होने से चिकित्सकों को उनका इलाज करने में सहूलियत होगी।




### 1.07 करोड़ बच्चों को पल्स पोलियो खुराक का लक्ष्य

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेश के 50 जिलों में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 वर्ष तक की आयु के लगभग 1.07 करोड़ बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए 61 हजार 500 से अधिक बूथ बनाए गए हैं, जिन पर 77 हजार 500 से अधिक टीमें पल्स पोलियो की खुराक पिलाएंगी। अभियान के दौरान रविवार के अलावा अगले 2 दिन घर-घर जाकर भी दवा पिलाई जाएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि राज्य में दस्त संबंधी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए 1 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर 5 साल तक की आयु के बच्चों को दस्त से बचाव के लिए ओआरएस पैकेट एवं जिंक की गोलियां उपलब्ध करवाएंगी। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त समस्त चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ओआरएस जिंक कॉर्नर संचालित किए जाएंगे जहां आमजन को दस्त से बचाव और उपचार की जानकारी दी जाएगी। साथ ही, स्वच्छता संबंधी गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

### आभा आईडी से मिलेगा बेहतर उपचार

भारत सरकार द्वारा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत हैल्थ अकाउंट यानी आभा आईडी बनाई जा रही है। इस 14 अंकों की आईडी की सहायता से आमजन स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं से अपने पुराने स्वास्थ्य रिकॉर्ड साझा कर सकेंगे। इससे उनके बेहतर उपचार में मदद मिलेगी। चिकित्सा विभाग की ओर से यह अभियान 2 माह तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम में एनएचएम के मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, अतिरिक्त मिशन निदेशक अरूण गर्ग, निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी, अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी एवं निदेशक आरसीएच सुनीत सिंह राणावत सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

---

डिप्टी सीएम दिया ने ली समीक्षा बैठक

# गारंटी अवधि में ठेकेदार से तत्काल ठीक करवाएं सड़क

**बेधड़क । जयपुर**

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को शासन सचिवालय स्थित उपमुख्यमंत्री कार्यालय के सभागार में सार्वजनिक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि डिफेक्ट लाइबलिटी पीरियड में यदि निर्माण कार्य में कोई गुणवत्ता संबंधी शिकायत मिलती है तो संबंधित ठेकेदार से तत्काल ठीक करवाया जाए। उन्होंने कहा कि कई बार ऐसी शिकायतें मिलती हैं कि सड़क बनाने के कुछ दिनों बाद ही खराब हो गई।

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि स्थानीय अधिकारियों के माध्यम से कार्यों की गुणवत्ता की नियमित मॉनिटरिंग होनी चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने पर संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने प्रजेंटेशन के माध्यम से नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे, एमडीआर, ग्रामीण सड़कों व अन्य सड़कों सहित विभिन्न निर्माणाधीन पुलों एवं अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने नेशनल हाईवे पर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों को चिह्नित कर एनएचएआई के अधिकारियों के साथ समन्वय कर उनके समाधान के निर्देश दिए।



### बरसात में अलर्ट रहने के निर्देश

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बरसात का मौसम शुरू हो चुका है। यदि कहीं जलभराव एवं सड़क कटने की शिकायत मिलती है या स्थानीय अधिकारियों को ऐसा अंदेशा है तो वहां पहले से ही माकूल व्यवस्था होनी चाहिए ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे फील्ड के अधिकारियों के माध्यम से अपने क्षेत्रों कि नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने बजट घोषणाओं सहित अन्य घोषणाओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित अवधि में पूरा करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव पीडब्ल्यूडी सहित विभाग के आला अधिकारी उपस्थित रहे।

---

PHED: बैठक में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों की घोषणा

# कर्मचारी संघ कार्यकारिणी का विस्तार




**बेधड़क । जयपुर**

राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल भवन स्थित कार्यालय मे अध्यक्ष महेन्द्र शर्मा द्वारा सर्वसम्मति से बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, संयुक्त सचिव एवं प्रवक्ता पद के लिए सदस्यों के नाम की घोषणा की।

संघ के सचिव कृष्णेन्दु चटर्जी ने बताया कि बैठक आयोजित की गई। इसमें मौजूद सभी सक्रिय सदस्यों एंव पदाधिकारियों के निर्णय अनुसार क्षेत्रीय उपाध्यक्ष (कोटपूतली बहरोड) के पद पर रिंकू यादव, क्षेत्रीय संयुक्त सचिव पद पर सुरेश कुमार सूठवाल, विभागीय समिति प्रवक्ता पद पर मनीष सैनी को चुना गया। इस मौके पर जलदाय विभाग के सहायक अभियंता प्रशांत कुमार, वासुदेव शर्मा सहित संघ के सलाहकार सुशील शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कुलदीप शर्मा, श्रम विभाग के रमेश तिवारी ने माल्यार्पण कर सभी पदाधिकारी का स्वागत किया। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार वर्मा, कर्मचारी नेता कुलदीप शर्मा, रमेश तिवारी, जितेंद्र भारद्वाज, राकेश गुर्जर, सतीश कुमार, योगेश कुमार शर्मा, सुभाष यादव सहित सैकड़ों कर्मचारी-अधिकारी मौजूद रहे।

---

राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल की ओर से चलाया जा रहा अभियान

# प्रदेश को प्लास्टिक से दिलाकर रहेंगे मुक्ति

**बेधड़क । जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की प्लास्टिक मुक्त राजस्थान की सोच को शीघ्र ही साकार करने के क्रम में राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा किए जा रहे सार्थक प्रयासों की दिशा में अब मंडल के साथ निजी संस्थानों एवं स्वयंसेवी संस्थान भी आगे आ रहे हैं।

इसके तहत हर घर को प्लास्टिक केरी बैग्स से मुक्त करने के लिए व्यापक स्तर पर कपड़े के थैलों का वितरण किया गया साथ ही प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल वस्तुएं उपयोग करने के लिए जागरूक भी किया गया। राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के सदस्य सचिव एन विजय ने बताया कि



मंडल द्वारा व्यापक स्तर पर राज्य को प्रदूषण एवं प्लास्टिक मुक्त करने अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत मंडल के अधिकारियों द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने को लेकर व्यापक स्तर पर जागरूक किया जा रहा है। वहीं कॉलोनियों में घर-घर जाकर कपड़े के थैले वितरित कर प्लास्टिक कैरी बैग उपयोग नहीं करने की अपील भी की जा रही है। सदस्य सचिव ने बताया कि मंडल द्वारा राज्य को प्लास्टिक मुक्त करने की मुहिम में जिस प्रकार सार्वजनिक, निजी एवं स्वयं सेवी संस्थाओं ने आगे आकर मंडल के इस उद्देश्य में भागीदारी निभाई है इससे यह प्रतीत होता है कि मंडल द्वारा जागरूकता के लिए किए जा रहे प्रयास शीघ्र ही आमजन और समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सोच एवं दैनिक कार्यों में दिखाई देंगे और हम राज्य को प्रदूषण मुक्त राज्य के रूप के आदर्श राज्य बना पाएंगे।

---

प्रदेश में खेलों की बदलेगी दिशा और दशा

# दस करोड़ से होगी सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स फोर स्पोर्ट्स की स्थापना

**बेधड़क । जयपुर**

आने वाले समय में राजस्थान के खेलों की दशा और दिशा में बदलाव देखने को मिलेगा। इस तरह का बदलाव आगामी बजट में किया जाएगा कि उसमें रूढिवादिता के परे नए नवाचार दिखाई देंगें, जिससे भविष्य में खेलो के विकास को गति मिलेगी।

यह बात खेल राज्य मंत्री केके विश्नोई ने रविवार को सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में 64वें केन्द्रीय आवासीय खेलकूद प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह के अवसर पर कही। खेल राज्य मंत्री ने कहा कि 10 करोड की लागत से जयपुर में सेन्टर ऑफ एक्सीलेन्स फोर स्पोर्ट्स भी स्थापित किया जाएगा।

साथ ही जयपुर, भरतपुर एवं उदयपुर में बालिकाओं के लिए रेजीडेन्शियल गर्ल्स स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट प्रत्येक के लिये 25 करोड़ रुपए की राशि से स्थापित किया जाएगा। उन्होने कहा कि प्रति वर्ष 'खेलों इंडिया यूथ गेम्स' की तर्ज पर 'खेलों राजस्थान यूथ गेम्स' का आयोजन किया जाएगा। पिछले दस सालो में देश ने अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीते हैं। अब प्रदेश की नई खेल नीति से खिलाड़ियों को




अधिक सुविधाएं देने का प्रयास करेगें। 20 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मंत्री विश्नोई ने शिविर में भाग लेने वाले प्रशिक्षणार्थियों को कहा कि जब आप यहा से अपने-अपने घरो को जाए तो अपने अनुभव दोस्तों व साथियों के साथ शेयर करेगें तो उन्हे भी प्रेरणा मिलेगी। इससे वे भी भविष्य में इस प्रतिष्ठित शिविर का हिस्सा बनने का प्रयास करेगें, जिससे खेलों को प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में गति मिलेगी।

इससे पूर्व खेल परिषद के वित्तीय सलाहकार महावीर प्रसाद मीणा ने कहा कि खेलों में काफी स्कोप है। पहले क्रिकेट ही खेलों की धुरी थी, लेकिन अब अन्य खेलों में भी स्कोप है। जबकी मुख्य खेल अधिकारी वीरेन्द्र पूनिया ने खेल राज्य मंत्री से परिषद में खेल प्रशिक्षको की भर्ती करने का आग्रह किया। इस अवसर पर शिविर निदेशक सबल प्रताप सिंह ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

इससे पूर्व जनसम्पर्क अधिकारी तेजराज सिंह, सहायक शिविर निदेशक मीना शर्मा व अतुल शर्मा सहित परिषद के प्रशिक्षको ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर खेल राज्य मंत्री ने शिविर में शामिल सभी 15 खेलों के सर्वश्रेष्ठ बालक-बालिकाओं को सम्मानित किया।

### ये रहे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

शिविर के दौरान एथलेटिक्स में हर्ष, चैतन, तीरंदाजी में हनी कुमावत, तनवी कटारा, बास्केटबाल में एश्वर्य प्रताप, कोमल शेखावत, बॉक्सिंग में प्रमोद, रिधिका सिंह, क्रिकेट में रमेश विश्नोई, कीर्ति सिंह, फुटबाल में अबीर सिंह, शिवानी, जिम्नास्टिक में हर्ष चांवलिया, केशु प्रजापत, हेंडबाल में उपेन्द्र सिंह, कोमल, हॉकी में आर्यन पुरोहित, मनप्रीत कौर, खो-खो में शिवभानी यादव, नितु, कबड्डी में अरूण, वसुन्धरा, जूडो में पुष्कर, ज्योति सैनी, कुश्ती में प्रदीप दान, कौमल चौधरी, भारोत्तोलन में पवन शर्मा, हेमी, वॉलीबाल में योगेश व सृष्टी श्रेष्ठ खिलाड़ी रहे।

## जरूरी खबर

### भाजपा कार्यकर्ता ने 4 साल बाद कटवाए बाल



**जयपुर।** रावतभाटा के रहने वाले बीजेपी कार्यकर्ता बालकिशन गुलाटी ने रविवार को करीब 4 साल बाद बाल कटवाए। उन्होंने नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनने तक बाल नहीं कटवाने का संकल्प लिया था। संकल्प पूरा होने पर उन्होंने प्रदेश बीजेपी कार्यालय पहुंचकर बाल कटवाए। इस मौके पर मौजूद बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि बालकिशन गुलाटी बीजेपी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता हैं। गुलाटी ने संकल्प लिया था कि नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद ही ये बाल कटवाएंगे। सीपी ने कहा कि इनका संकल्प ही पूरे देश की जनता का संकल्प था। इसलिए नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने।

### जीएसटी दिवस पर आज शास्त्रीय नृत्य मोहेगा मन

**जयपुर।** जीएसटी के सात वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "सशक्त व्यापार-समग्र विकास" के थीम के परिप्रेक्ष्य में सोमवार को जीएसटी दिवस के अवसर पर शाम सवा छह बजे से बिड़ला सभागार में कथक धरोहर संस्था, नई दिल्ली द्वारा शास्त्रीय नृत्य 'एकात्मा' पेश किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा और विशिष्ट अतिथि एसीबी महानिदेशक राजस्थान रविप्रकाश मेहरडा होंगे। इस समारोह से पूर्व दोपहर 12 बजे से कॉमन हॉल, नव केन्द्रीय राजस्व भवन में 21 शीर्ष करदाता एवं विभाग में उल्लेखनीय सेवा प्रदान करने वाले 22 अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रिंसिपल अकाउंट जनरल राजस्थान के. सुब्रह्मण्यम होंगे।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**जयपुर-दिल्ली रोड पर पार्क की जमीन पर आवासीय भूखंड काटना पड़ा भारी**

# अप्पू घर इंटरनेशनल एंटरटेनमेंट के डायरेक्टर सहित दो गिरफ्तार

■ 300 एकड़ जमीन सस्ती दर पर अलॉट करवाई ■ एम्यूजमेंट की परियोजना बताई 400 करोड़ की ■ कहा था- मिलेगा 1500 लोगों को रोजगार

**बेधड़क** | जयपुर

अप्पू घर इंटरनेशनल एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर सहित दो जनों को धोखाधड़ी करने पर गिरफ्तार किया गया है। डायरेक्टर ने जयपुर-दिल्ली रोड पर जेडीए से पार्क विकसित करने के लिए लीज पर ली गई भूमि पर आवासीय प्लॉट काटकर धोखाधड़ी की है। हरमाड़ा थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर तीन दिन का रिमांड लिया हैं।

हरमाड़ा थाना प्रभारी दिलीप खदाव ने बताया कंपनी के निदेशक मोनी विजेश्वर निवासी सैनिक फार्म, कंट्री क्लब, नेब सराय-नई दिल्ली और राजन शर्मा निवासी फूलबाग, अलवर हैं। दोनों ने वर्ष 2007 में 99 साल की लीज पर जेडीए से पार्क विकसित करने के मकसद से जेडीए से 300 एकड़ जमीन सस्ती दर पर अलॉट करवाई। जहां पर वाटर पार्क, एम्यूजमेंट पार्क, वैलनेस सेंटर बनाकर इनका खर्च निकालना था। इसके साथ ही 400 करोड़ रुपए खर्च कर 1500 लोगों को रोजगार देना बताया गया।



### जेडीए से बिना अप्रूवल लिए कॉलोनी काटी

दोनों ने जेडीए से बिना अप्रूवल लिए कॉलोनी काटनी शुरू कर दी और लोगों को कॉमर्शियल, रेजिडेंशियल प्लॉट बेचने शुरू कर दिए। इसमें कई लोगों ने इनवेस्टमेंट किए थे। धोखाधड़ी सामने आने पर पीड़ितों ने एफआईआर दर्ज कराना शुरू किया।

### ऐसे आया मामला सामने और उसके बाद रिपोर्ट हुई दर्ज

साल 2019 में वैशाली नगर निवासी शिखा मील ने इन लोगों के खिलाफ शिकायत दी। उन्होंने बताया कि उनके पास साल 2016 में कंपनी के एक पदाधिकारी राजन शर्मा ने फोन करके बताया कि दिल्ली रोड पर दौलतपुरा के पास उनकी कंपनी मेगा टूरिस्ट सिटी बना रही है। आप उसमें प्लॉट ले लो आपको बड़ा फायदा होगा। उसने कुछ प्लॉट बुक कराए और करीब 50-60 लाख रुपए दे दिए। काफी समय निकलने के बाद भी कोई निर्माण नहीं हुआ। पीड़िता ने पदाधिकारी से जेडीए की परमिशन मांगी तो आरोपियों ने उन्हें भगा दिया था। इस रिपोर्ट पर जब पुलिस ने जांच की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**पुलिस की सफलता: 2 दिन पहले किडनैप किए युवक को छुड़ाया**

# फिरौती के लालच में दोस्त ने ही रची थी साजिश!

## जयपुर स्थित गौरव टावर की है वारदात

**बेधड़क** | जयपुर

दोस्त ने ही युवक की किडनैपिंग की प्लानिंग रची थी। आरोपी जानता था कि अगर धमकाया तो वह रुपयों का बंदोबस्त कर देगा। ऐसे में 3 अन्य युवकों के साथ मिलकर अपहरण और 7 लाख की फिरौती का प्लान बनाया।

पुलिस पीड़ित युवक की मोबाइल लोकेशन के आधार पर आरोपियों तक पहुंची। पुलिस को देख आरोपी कार के बाहर खड़े अपने ही साथी को टक्कर मारकर भाग निकले। अपहरण किए युवक को छुड़वा लिया और एक आरोपी को गिरफ्तार किया। उससे पूछताछ जारी है।

पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि अन्य तीन आरोपी कौन थे और इनका पीड़ित से क्या संबंध था। किडनैपिंग की वारदात 28 जून की जयपुर के जवाहर सर्किल थाना स्थित गौरव टावर की है। पुलिस ने रविवार सुबह एक आरोपी को पीछा कर दौसा-लालसोट हाईवे से पकड़ा।



### ऐसे पकड़ा गया एक आरोपी

पुलिस को पीछे पड़े देखकर तीनों बदमाश कार और मनु जैन को छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। पुलिस ने चोटिल किडनैपर पीयूष मेहर (21) निवासी कुम्हेर भरतपुर हाल जैन कॉलोनी रामनगरिया को अरेस्ट किया। पुलिस ने किडनैप युवक को सुरक्षित छुड़वाकर वारदात में उपयोग ली गई कार को जब्त कर लिया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि किडनैप करने वाले मोनू के खास दोस्त ने प्लानिंग की थी। वह जानता था कि मनु जैन को किडनैप कर आसानी से रुपए मिल सकते हैं। पुलिस वारदात में शामिल फरार बदमाशों की तलाश कर रही है।


### आरोपियों तक ऐसे पहुंची पुलिस

डीसीपी (ईस्ट) कावेन्द्र सागर ने बताया कि किडनैपिंग की सूचना पर पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस के द्वारा मनु जैन की लोकेशन ट्रेस कर रही थी। ऐसे में 29 की देर रात आरोपियों की मोबाइल लोकेशन के आधार पर किडनैपर्स का पीछा करते हुए पुलिस टीम दौसा-लालसोट हाईवे पर पहुंची। फिरौती की रकम लेने के लिए किडनैपर्स की कार हाईवे किनारे खड़ी मिली। पुलिस को देखकर किडनैपर्स ने कार दौड़ा दी। वहीं बाहर खड़े एक साथी को ही टक्कर मार कर किडनैपर्स कार लेकर भाग निकले। पुलिस ने आरोपियों के घायल साथी को पकड़ लिया। इसके बाद किडनैपर्स का पीछा किया।

**शहर में रेप की दो अलग-अलग वारदातें**

**पीड़िताओं में एक नाबालिग भी शामिल**

# कैफे में बुलाकर किया किशोरी के साथ दुष्कर्म



**बेधड़क** | जयपुर

पड़ोसी युवक के नाबालिग लड़की से रेप करने का मामला सामने आया है। डरा-धमकाकर आरोपी परिचित ने मिलने के लिए कैफे बुलाकर रेप किया। घरवालों को बताने का पता चलने पर आरोपी ने नाबालिग पीड़िता से मारपीट की। मुहाना थाने में नाबालिग पीड़िता की मां ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया कि मुहाना निवासी महिला ने 16 साल की बेटी से रेप का मामला दर्ज करवाया है। शिकायत में बताया कि नाबालिग बेटी से आरोपी पड़ोसी शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालता था। उसके फोटोज को एडिट कर वायरल करने और चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी देने लगा। 28 जून को डरा-धमकाकर आरोपी ने उसे मिलने के बहाने श्योपुर रोड स्थित एक कैफे में बुलाया। कैफे में आरोपी ने जबरन उसके साथ रेप किया। किसी को बताने पर जान से माने की धमकी देकर घर के बाहर छोड़कर चला गया। घर पहुंची नाबालिग बेटी ने परिजनों को आरोपी पड़ोसी की करतूत के बारे में बताया। परिजनों ने कॉल कर आरोपी को मिलने बुलाया, पर वह नहीं आया। बाद में नाबालिग बेटी को घर में अकेला पाकर आरोपी ने घरवालों को उसके बारे में बताने की बात को लेकर मारपीट की और भाग निकला। परिजनों के घर लौटने पर नाबालिग पीड़िता ने आपबीती सुनाई। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### इधर, शादी का झांसा देकर युवती से रेप

शहर में एक युवती से रेप का मामला सामने आया है। युवक पहले से युवती को जानता था। वह शादी का झांसा दे युवती से रेप करता रहा। इसके बाद उसने शादी से साफ इनकार किया तो युवती ने मामला दर्ज करवाया है। मामले की जांच कर रहे करधनी थानाधिकारी विरेन्द्र सिंह ने बताया कि अलवर निवासी 28 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। कुछ समय पहले उसकी मुलाकात विक्रम वर्मा से हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने उसे प्रेम जाल में फांस लिया। इसके बाद मिलने के बहाने निवारू रोड पर बुलाकर उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर आरोपी विक्रम ने शादी करने का वादा किया। शादी करने का झूठ बोलकर धोखे में रख उसके साथ देहशोषण करता रहा। उसने पिछले लम्बे समय से देहशोषण के दौरान शादी करने का दबाव बनाया। इसके बाद आरोपी ने शादी करने से इनकार कर बातचीत करना तक बंद कर दिया। रिपोर्ट के अनुसार धोखा होने पर पीड़िता ने आरोपी विक्रम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

**प्रवचन: जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती**

## धर्म से राजनीति को चलाएं... राजनीति से धर्म नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने कहा कि धर्म राजनीति को चलाए, राजनीति धर्म को न चलाए। यदि ऐसा किया जाता है तो देश को आगे बढ़ाया जा सकता है। जिससे देश को और शक्तिशाली और विश्व गुरु बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी के पूर्वज सनातनी वैदिक आर्य हिंदू थे, ईसा मसीह, मोहम्मद साहब के पूर्वज हिंदू थे। हमारे वेद, शास्त्र, पुराण, ज्ञान-विज्ञान का विश्व में कहीं खंडन नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र घोषित हो, पक्षपात विहीन शोषण विहीन मुक्त धर्म नियंत्रित शासन तंत्र की स्थापना हो। शंकराचार्य ने कहा कि ब्रह्मा जी के आशीर्वाद से देश और विदेश में ऐसे लोगों का जन्म हो चुका है, जो स्वस्थ क्रांति को घोषित करेंगे और हिंदू राष्ट्र बनेगा। उन्होंने कहा कि मुझे ऐसा बिल्कुल भी संदेह नहीं है, क्योंकि मेरे जीवन में असफलता का संदेश नहीं है। भगवान सूर्य का आशीर्वाद है, आजकल भारत देश में क्या हो रहा है कि आतंकवादी को नकली शंकराचार्य बनाकर घुमाया जा रहा है।

### भारत का ज्ञान-विज्ञान सर्वत्र स्वीकार्य

शंकराचार्य ने कहा कि सभी के पूर्वक सनातनी वैदिक आर्य हिंदू थे। ईसा मसीह मोहम्मद साहब के पूर्वज हिंदू थे और मक्का में मक्केश्वर महादेव बताया। हमारे शास्त्र, पुराण, ज्ञान-विज्ञान का विश्व में कहीं खंडन नहीं हो सकता। इसलिए भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने से कोई रोक नहीं सकता।

### 22 प्रांतों के अनुयायी

आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 22 प्रांतों से अनुयायी आए हैं और इन सभी ने हिंदू राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया। पीठ परिषद के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने बताया कि आज लगभग 60-70 महिला पुरुषों ने गुरु दीक्षा ली और 21 जोड़ों द्वारा रुद्राभिषेक कर पार्थिव शिव लिंग पूजन किया। पीठ परिषद के मीडिया प्रभारी मनीष मुद्गल ने बताया कि इस अवसर पर कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने भी जगद्गुरु शंकराचार्य का आशीर्वाद लिया।

### पीस बिल्डर्स फोरम का सम्मेलन जयपुर में 5 जुलाई से

**जयपुर।** देश और दुनिया में बढ़ते टकरावों को टालने और शान्ति तथा अहिंसा का वातावरण बढ़ाने की दिशा में आम आदमी की भागीदारी को व्यापक करने के उद्देश्य से काम कर रहे "पीस बिल्डर्स फोरम इंडिया" की बैठक 5 से 7 जुलाई तक जयपुर में होगी। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के मार्गदर्शन में स्थानीय स्तर पर इस आयोजन का जिम्मा, भारत सेवा संस्थान, कुमारप्पा ग्राम स्वराज संस्थान और नेशनल यूथ प्रोजेक्ट संभाल रहे हैं। इसके लिए बनी आयोजन समिति की बैठक कल यहां हुई।

**वस्तु एवं सेवा कर दिवस पर आज विशेष रपट**

# एक्सपर्ट बोले... क्यों न जी.एस.टी. को 'गुड एंड सिंपल' टैक्स बनाया जाए

**बेधड़क** | जयपुर

कई सारी मिलती-जुलती वस्तुओं व सेवाओं पर जीएसटी की अलग-अलग दरें लागू है, यदि ये एक समान दरों के दायरे में आएंगी तो कारोबारी मामले चूक से भी बच सकेंगे। उदाहरण के लिए बेकरी की वस्तुओं में ब्रेड से मिलती-जुलती वस्तुओं पर ही जीएसटी के अलग-अलग दरों का होना एक से तरह परेशानी का कारण है।

दरअसल, जीएसटी विवादों पर अंकुश लगाने वह उनके जल्दी और निष्पक्ष निपटान के लिए जीएसटी दरों को युक्ति संगत बनाना तत्काल प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि टैक्स कलेक्शन में बढ़ोतरी के लिए अस्पष्टताओं को दूर कर वर्तमान टैक्स स्ट्रक्चर को सुव्यवस्थित करने की जरूरत है। यह कहना है आर्थिक मामलों के विशेषज्ञ सीए ऋषि अग्रवाल का। वे कहते हैं इसमें जीएसटी की मौजूदा कर दरों का दो या तीन दरों में विलय किया जा सकता है। दरें घटाए जाने से टैक्स चोरी जैसे मामलों का भी निर्णायक समाधान होने की संभावना बढ़ेगी।




### वस्तु एवं सेवा कर के स्लैब्स

अग्रवाल कहते हैं 1200 से अधिक वस्तुओं व सेवाओं पर जीएसटी की चार स्लैप दरों में 5, 12, 18 व अधिकतम 28 प्रतिशत लागू है। इसके अलावा कुछ वस्तुओं व सेवाओं पर 0.25, 1.5 और 3% की विशेष दरें भी लगती है। मजे की बात यह है कि कई खाद्य पदार्थों पर 5 से 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है जबकि सोने के जेवरों पर सिर्फ 3 प्रतिशत जीएसटी दर लागू है। जीएसटी में आने से पहले ट्रैक्टर समेत तमाम कृषि उपकरण टैक्स मुक्त थे लेकिन इन पर भी लागू 12 प्रतिशत जीएसटी में बदलाव के बारे में तत्काल पुनर्विचार की जरूरत है।



### ईमानदार करदाताओं के लिए प्रक्रिया बने सरल

अग्रवाल के अनुसार केंद्र व राज्य सरकारों के स्तर पर ईमानदार करदाताओं के लिए प्रक्रिया सरल बनाने को जीएसटी प्रशासन सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं। फर्जी चालान फर्जी आईटीसी क्लेम और टैक्स चोरी जैसे गंभीर अपराधों से निपटने के लिए जीएसटी एक्ट की धारा 132 के तहत गलत तरीके से इनपुट टैक्स क्रेडिट या अधिक रिफंड लेने पर 3 साल जेल की सजा का प्रावधान है। ऐसे में नियमों का सरलता से पालन तय करने के लिए जीएसटी अधिकारियों को अपने व्यवहार में भी बदलाव लाना होगा। कड़ा कानून केवल फंसाने का जरिया नहीं समझना चाहिए टैक्स चोरी जैसा अपराध होने की आशंका के बावजूद इसकी रोकथाम के प्रयास तेज करने की वजह अपराध होने देने का इंतजार करना फिर दंडित करने का दबाव बनाकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। 'नॉन कंप्लायंस' को रोकने व अधिकांश करदाताओं खासकर उन एमएसएमई की मदद करने के लिए एक विश्वसनीय रणनीति की जरूरत है, जो जानबूझकर कानून का उल्लंघन नहीं कर रहे, बल्कि अनजाने में चूक कर जाते हैं। रिटर्न जांच, ऑडिट या एनफोर्समेंट के दौरान पाई गई साधारण डाटा गलतियां, विसंगतियो या नॉन कंप्लायंस को कम करने के लिए विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी करने से कारोबारी को विवाद से बचाया जा सकता है।

### एक राष्ट्रीय ऑनलाइन मंच की जरूरत

अग्रवाल के मुताबिक पंजाब जैसे राज्य में 'इनवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर' के तहत आने वाली औद्योगिक इकाइयों, जिनके तैयार माल की तुलना में कच्चे माल पर अधिक जीएसटी लगता है, को राज्य सरकार अपनी इंडस्ट्रियल पॉलिसी के तहत निश्चित पूंजी निवेश एफसीआई पर नकद प्रोत्साहन से इनकार कर रही है। ऐसे मुद्दों को निपटाने के लिए एक राष्ट्रीय ऑनलाइन मंच की मदद से केंद्रीय व राज्य प्रशासन एक ऐसा समाधान शुरू कर सकते हैं। निष्पक्षता व समयबद्धता से विवादों के निपटाने को जीएसटी सुधारों में शामिल करना समय की मांग है।

## जरूरी खबर

### साइंटिफिक ऑफिसर बनने पर अक्षिका सम्मानित



**चाकसू।** कस्बा निवासी अक्षिका जांगिड़ का परमाणु ऊर्जा विभाग में साइंटिफिक ऑफीसर पद पर चयन होने पर तहसील के जांगिड़ समाज के लोगों ने घर जाकर उनका सम्मान किया। तहसील अध्यक्ष द्वारका प्रसाद जांगिड़ के नेतृत्व में नवयुवक मंडल अध्यक्ष सीताराम जांगिड़, मुकेश जांगिड़, राजेंद्र, भागचंद, रामस्वरूप, सत्यनारायण, दुर्गा नारायण, अरविंद एवं अन्य सदस्यों ने अक्षिका जांगिड़ को स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया।

### जरख के हमले से बुजुर्ग घायल, जयपुर रेफर किया

**धौलपुर।** सैपऊ थाना इलाके के फूलपुरा गांव में रविवार तड़के जंगल में शौच को गए बुजुर्ग पुजारी पर घात लगाकर जरख ने जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर अवस्था में घायल पुजारी को स्थानीय ग्रामीणों ने जिला अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया, लेकिन नाजुक हालत होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर उसे जयपुर हायर सेंटर रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, 70 वर्षीय मनसा पुत्र गंगाराम निवासी फूलपुरा गांव में पार्वती नदी के पास काली माता मंदिर की पूजा-अर्चना करतै हैं। रविवार सुबह पुजारी जंगल में पार्वती नदी के किनारे गए थे। तभी झाड़ियों में घात लगाए बैठे जरख ने हमला कर दिया। जरख ने पुजारी की पसलियों और मुंह को बुरी तरह नोच लिया। शोर सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

### आंगनबाड़ी केंद्र पर पिलाई एक बूंद जिंदगी की



**चाकसू।** राजस्थान में रविवार को पोलियो दिवस के चलते चाकसू गरुड़वासी मोड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। पार्षद दिनेश शर्मा ने बताया कि हम सभी 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलाएं। जिससे बच्चों की सुरक्षा में किसी प्रकार की कोई चूक नही हो व बच्चे पोलियो बीमारी से ग्रसित नहीं हो। आंगनबाड़ी केंद्र पर लगभग 70 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई। केंद्र पर सहायिका भगवती देवी व सहायिका हेमलता ने बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई।

**पौराणिक मान्यता के आधार पर बारिश का पूर्वानुमान लगा रहे लोग, अच्छे मानसून की उम्मीद**

# टिटहरी ने दिए चार अंडे... यानी मानसून में जमकर बरसेंगे बदरा

बेधड़क | भीलवाड़ा

आधुनिक युग में भी पौराणिक मान्यता के अनुसार वर्षा ऋतु का बारिश का आकलन किया जाता है। टिटहरी के अंडे देखकर पता लगाया जाता है कि क्षेत्र में बारिश कितनी होगी।

भीलवाड़ा जिले में इस बार लोगों का मानना है कि टिटहरी ने ऊंचाई पर अंडे दिए हैं, ऐसे में चार माह अच्छी बारिश होगी। मौसम विभाग भले ही आधुनिक संसाधनों से बारिश को लेकर भविष्यवाणी करता है लेकिन आज भी पौराणिक मान्यताओं में पशु-पक्षियों के आधार पर ही आमजन मौसम का पुर्वानुमान लगाते है। ऐसी ही



मान्यता है टिटहरी के अंडों को लेकर, जहां अगर टिटहरी खेत या जंगल में 4 अंडे देती है तो आगामी दिनों में मानसून को अच्छा माना जाता है। भीलवाड़ा में भी इस बार टिटहरी ने जंगल में 4 अंडे दिए है, जिसके कारण लोगों में अच्छे मानसून की आस जगी है। बुजुर्ग लोगों का कहना है कि पशु-पक्षी और प्रकृति से आज भी बारिश की सटीक अनुमान लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रकृति के बदलावों से मानसून की हाल जानने की परम्परा प्राचीनकाल से रही है। उस युग में जब इतने संसाधन नहीं थे तब प्रकृति के लक्षणों के आधार मौसम का पूर्वानुमान लगाया जाता था।

### अंडे देने की जगह का भी है महत्व

भीलवाड़ा के गांव व्यास पंडित राजेंद्र कुमार व्यास का कहना है कि वर्तमान में आषाढ़ माह लग चुका है। कई जगह मानसून पूर्व की बरसात भी हो रही है, लेकिन आगामी दिनों बरसात कैसी होगी इसको लेकर पुर्वानुमान लगाए जा रहे हैं। इसके बारे में पौराणिक मान्यता में टिटहरी को अंडों को देखकर घोषणा की जाती थी कि आगामी मौसम कैसा रहेगा। उन्होंने कहा कि टिटहरा किस जगह पर अंडे देती है ये भी बारिश के पूर्वानुमान के लिए महत्वपूर्ण है। टिटहरी अंडों के बारे में बताया जाता है कि तालाब किनारे, बांध किनारे और नदी किनारे अंडे देती है तो उस वर्ष बरसात मध्यम से कम रहती है और अगर वह जंगल और खेतों में देती है तो माना जाता है कि इस वर्ष अच्छी बरसात होती है। इसके बाद यह भी मान्यता है कि अंडों की गिनती से भी अनुमान लगाया जाने लगा है। टिटहरी के 3 अंडों में सामान्य और 4 अंडे देने पर अच्छी बरसात होना बताया जाता है।

### पौराणिक काल से चली आ रही है मान्यता

वहीं किसान शंभू गिरी का कहना है कि हमारे पूर्वजों की मान्यता है कि टिटोडी के 4 अंडो का मुंह जमीन की ओर होता है तो मानसून के चारों महिनो में अच्छी बरसात होगी। यही इसमें दो अंडे ऊपर और दो अंडे नीचे होते है तो 2 माह ही अच्छी बरसात होती है। अंडे का मुंह ऊपर होने पर उस माह में बरसात की संभावना बहुत कम होती है। टिटहरी के अंडों की माने तो इस बार चारों महिनों में अच्छी बरसात की संभावना बन रही है मगर यह तो आना वाले दिनों में ही पता लग पायेगा कि कहां कितने बरसात होती है।

**रंगदारी वसूली: वारदात कैमरे में कैद, मैनेजर ने दर्ज कराया केस**

# बदमाशों ने टोल प्लाजा पर की फायरिंग, दस हजार रुपए लूटे

बेधड़क | धौलपुर

जिले के अंगाई थाना क्षेत्र स्थित एनएच 11बी पर चिलाचौध टोल प्लाजा पर 50 हजार की रंगदारी लेने पहुंचे बाइक सवार दो बदमाशों ने फायरिंग कर दी। साथ ही टोल मैनेजर से 10 हजार की नकदी लूटकर बदमाश मौके से फरार हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई।

वहीं, सामने आए सीसीटीवी फुटेज में बदमाश बेखौफ फायरिंग करते नजर आए। वहीं, घटना के बाद टोल प्लाजा के मैनेजर ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। टोल प्लाजा के मैनेजर गौरी शंकर पुत्र ओमप्रकाश निवासी श्रीगंगानगर ने आंगई थाने में मामला दर्ज कराया है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि शनिवार रात 8 बजकर 50 मिनट पर एक बाइक पर सवार दो बदमाश सवार होकर टोल प्लाजा पहुंचे, जिन्होंने टोल स्टाफ को धमकी देकर उनसे 50 हजार रुपए प्रति माह रंगदारी देने की



### दूर खड़े बदमाशों ने भी दागी गोलियां

मैनेजर ने बताया कि दोनों बाइक सवार बदमाशों के साथ दूसरी बाइक पर तीन और बदमाश आए थे, जो टोल प्लाजा से करीब 200 मीटर दूर बाड़ी रोड पर खड़े थे। टोल पर पहुंचे बदमाशों की फायरिंग के बाद टोल से दूर खड़े बाइक सवार बदमाशों ने दो राउंड फायरिंग की। उसके बाद दोनों बदमाशों ने 10 हजार रुपए छीन लिए और मौके से फरार हो गए। घटना को लेकर थाना प्रभारी राम अवतार मीणा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बदमाशों की पहचान कर ली है। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

बात कही। रंगदारी की मांग को लेकर टोल कर्मी और बदमाशों के बीच बहस हो गई। इसके बाद बदमाश वहां से चले गए, लेकिन कुछ समय के बाद दोनों बदमाश हथियारों से लैस होकर वापस आए और एक के बाद एक तीन राउंड फायर करके मैनेजर से नकद 10 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए।

### युवक का शव मिलने से हड़कंप

**दौसा।** जिले में नेशनल हाईवे 21 पर कांदोली के पास रविवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मामले की सूचना के बाद एडिशनल एसपी दिनेश अग्रवाल और डिप्टी एसपी रवि शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर जांच की। साथ ही मृतक के शव के पास एक गाड़ी खड़ी मिली। जिसका फ्रंट शीशा टूटा हुआ था। जिसके चलते मृतक की हत्या की आशंका जताई जा रही है। वहीं मृतक के परिजनों ने कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। सदर थाना प्रभारी सोहन लाल ने बताया कि हाईवे पर शव पड़े होने की सूचना पर मौके पर पहुंचे। इस दौरान मृतक की पॉकेट में रखे आधार कार्ड के जरिए मृतक की पहचान राजेश कुमार (35) पुत्र उमराव सिंह गुर्जर निवासी लोटवाड़ा के रूप में हुई। ऐसे में मृतक के परिजनों को घटना के बारे में सूचना दी गई। इस दौरान मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताते हुए कुछ लोगों के नाम बताए। थाना प्रभारी ने बताया कि जिस स्थान पर राजेश कुमार का शव मिला, उसके ठीक सामने एक होटल है, जहां से रात में राजेश पानी की बोतल लेकर आया था। हालांकि पुलिस का मानना है कि राजेश के रोड़ क्रॉस करते समय किसी वाहन की चपेट में आने से मौत हुई है। वहीं परिजनों ने हत्या करने की आशंका जताई है। इसके अलावा कुछ लोगों से जानकारी करने पर सामने आया है कि शनिवार शाम को राजेश का कुछ लोगों के साथ विवाद हुआ था। ऐसे में मृतक का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट आने के बाद मौत का असली कारण स्पष्ट हो पाएगा।



**परिजनों ने थाने में कराया मामला दर्ज**

# सड़क पर सामान बेच रही महिला का ASI ने सिर फोड़ा



बेधड़क | बांसवाड़ा

शहर के चंद्रपोल गेट के पास सड़क पर श्रृंगार का सामान बेच रही एक महिला पर यातायात थाने में कार्यरत एएसआई ने लट्ठ से वार कर दिया। इस घटना में महिला का सिर फट गया और वह बेहोश हो गई। इसके बाद महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वहीं इस मामले में महिला के परिजनों ने राज तालाब थाने में रिपोर्ट दी है। शहर में लंबे समय से सड़क पर किसी भी प्रकार का कारोबार करने वालों के खिलाफ संभागीय आयुक्त के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत यातायात थाने में तैनात एएसआई रणजीत सिंह जांच करने के लिए चंद्रपोल गेट पहुंचे थे। सुबह करीब 11:30 बजे एएसआई ने देखा कि 48 वर्षीय रामकन्या पत्नी जगदीश नायक निवासी पैलेस रोड सड़क पर श्रृंगार का सामान बेच रही है। सिंह ने तत्काल महिला को सामान हटाने का आदेश सुना दिया। महिला सामान हटाने ने भी लगी। इसी दौरान एएसआई रणजीत सिंह ने आपा खो दिया और महिला के सिर में लट्ठ मार दिया और जल्द से सामान हटाने के लिए कहा, लेकिन तब तक महिला के सिर से खून की धार बहने लगी। इसके बाद महिला मौके पर बेहोश हो गई। आस-पास के लोगों ने देखा तो कोहराम सा मच गया। राज तालाब थानाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि इस मामले में जांच की जाएगी और जो भी सत्यता पाई जाएगी उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। सूचना पर मैं स्वयं मौके पर गिया। फिर अस्पताल में पीड़ित से मिला। महिला ने तो स्वयं को लट्ठ मारने की ही रिपोर्ट दी है। मैंने मौके पर मौजूद महिला कांस्टेबल से जानकारी ली, तो उसने लट्ठ की रगड़ लगने की बात कही है।

**गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम धौलपुर पहुंचे, कहा...**

## सरकार वादे पूरे करने के लिए प्रतिबद्ध

बेधड़क | धौलपुर

टोंक जिले से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को किसान सम्मान निधि की राशि किसानों के खाते में ट्रांसफर की। इस दौरान धौलपुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे जिला प्रभारी एवं गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने डबल इंजन की सरकार को किसानों का हितैषी बताया।

उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने अल्पकाल में ही अपने 65 प्रतिशत वादों को पूरा कर दिया है। जवाहर सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने प्रदेश के लोगों से जो भी वादे किए हैं,



उन्हें सरकार पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। राजस्थान प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों से किया गया सम्मान निधि बढ़ाने का वादा पूरा किया है। डबल इंजन की सरकार किसान, मजदूर व्यापारी, महिला, युवा, मध्यम वर्ग सभी लोगों के लिए काम कर रही है। टोंक की धरती से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पहली किस्त किसानों को भेजी है। प्रदेश के किसानों के चेहरों पर रौनक देखी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों के हित को देखते हुए सरकार ने समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी की है। इसके अलावा पेट्रोल डीजल के दामों में भी सरकार की ओर से कमी की गई है।

मंत्री बेढम ने कहा कि राजस्थान प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। माफियाओं के खिलाफ सरकार कड़े एक्शन ले रही है। जनता से किया गया एक-एक वादा सरकार की ओर से पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में बाड़ी के पूर्व विधायक गिरिराज सिंह मलिंगा, भाजपा प्रत्याशी नीरजा अशोक शर्मा, डॉ. शिवचरण कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

**पंचायत समिति सभागार में पौधारोपण करके दिया हरित राज्य का संदेश**

## MLA ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी 'मन की बात'

बेधड़क | चाकसू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम के 111वें एपिसोड को सुनने के लिए रविवार को चाकसू के पंचायत समिति सभागार में भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों की भीड़ रही। इस दौरान विधायक रामवतार बैरवा ने कार्यकर्ताओं और भाजपा नेताओं के साथ पीएम के मन की बात सुनी। इसके लिए यहां एलईडी स्क्रीन लगाई गई।

हालांकि केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत के चाकसू आने का कार्यक्रम रद्द होने से भाजपाइयों में थोड़ी निराशा रही। विधायक बैरवा ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश नए आयाम स्थापित कर रहा है। पीएम मोदी का यह कार्यक्रम



आमजन से जुड़ाव का माध्यम है। पीएम मोदी ने हर वर्ग के विकास व उत्थान के लिए कई कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है। भाजपा जयपुर देहात दक्षिण जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर ने कहा कि पीएम मोदी का यह कार्यक्रम देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करता हैं। प्रधानमंत्री की बोली गई बातों को आम जनता तक पहुंचाना है। इस दौरान पंचायत समिति परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम भी किया। कार्यक्रम में एसडीएम शिवचरण शर्मा, प्रधान उगन्ता देवी चौधरी, जिलाध्यक्ष राजेश गुर्जर, जिला उपाध्यक्ष श्रवण गुर्जर, कृषि मंडी पूर्व चेयरमैन कैलाश शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी, देहात मंडल अध्यक्ष किशन धाभाई, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुमन कुमावत, जिला प्रभारी हेमंत लाम्बा, प्रधान प्रतिनिधि बद्री नारायण चौधरी सहित बड़ी संख्या में भाजपाई व ग्रामीण रहे।

**युवक से मारपीट का मामला गरमाया, कार्रवाई की मांग**

# पुलिस की कार्यशैली पर उठाया सवाल, जताया रोष

बेधड़क | चाकसू

पिछले दिनों शिवदासपुरा थाना पुलिस की कस्टडी में युवक की तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल के वेंटिलेटर पर पहुंचने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। युवक के परिजनों ने थानाधिकारी समेत पुलिसकर्मियों पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था।

इसमें शिवदासपुरा थाने के एसएचओ रणजीत सिंह सेवदा और पुलिसकर्मियों द्वारा कैलाश बागड़ा के साथ मारपीट का आरोप हैं। जिसके बाद दौसा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी कन्हैया लाल मीना ने भी पुलिस की कार्यशैली पर रोष जाहिर करते हुए इस पूरे प्रकरण को लेकर एआईटी गठन कर जांच



की मांग की हैं। रविवार को भी एक शिष्टमण्डल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी से मिला। शिष्टमण्डल में दोसा संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी कन्हैया लाल मीना ने बताया कि पीड़ित कैलाश के साथ पुलिस ने मारपीट जान से मारने के इरादे से की गई, जिससे मारपीट के कारण पीड़ित वेंटिलेटर पर जा पहुंचा। वही दर्ज एफआईआर में धारा 307 आईपीसी जोड़ने, दोषी पुलिसकर्मी को गिरफ्तार करने, पर्यवेक्षण लापरवाही के लिए थानाधिकारी रणजीत सिंह सेवदा को बर्खास्त करने सहित अन्य मांगों पर कार्रवाई करने की बात रखी गई। वहीं शिष्टमण्डल ने ज्ञापन में बताया कि एफआईआर में साधारण मारपीट की धाराएं लगाई गई हैं।

### पुलिस पर परिजनों को धमकाने का आरोप

शिवदासपुरा थाने के पुलिसकर्मियों द्वारा कैलाश बागड़ा के परिजनों को धमकाते हुए केस वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। 26 जून 2024 की रात शिवदासपुरा टोल प्लाजा से शिवदासपुरा थाने के पुलिसकर्मियों ने गांव चंदलाई जा रहे कैलाश बागड़ा और उसके साथ 2 अन्य युवकों को कार सहित शिवदासपुरा थाने कर मारपीट की गई थी। शिवदासपुरा थाने से 27 जून को सुबह कैलाश को पुलिसकर्मी महात्मा गांधी अस्पताल जयपुर ले गए, बेहोश कैलाश को वेंटीलेटर पर लिया गया। 27 जून को सर्व समाज के लोग आक्रोश में भारी संख्या में महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचे, शांति से बैठे थे, लेकिन उनसे अधिक संख्या में महिला, पुरुष पुलिसकर्मी मौजूद थे। कई थानों के पुलिस अधिकारी मौजूद थे। पुलिस को क्या डर था? कुछ समय पूर्व मालवीय नगर जयपुर के नानगराम बागड़ा, तूंगा के तेज प्रकाश की भी मौत के दो प्रकरण इसी थाने के क्षेत्राधिकार में हुए हैं। इसी थाने के पुलिसकर्मी लोकेश बागड़ा को इसी थाने के सामने पीटा गया, लेकिन अपराधियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### प्रतिनिधि मंडल ने यह रखी मांगे

इस मामले को लेकर मांग रखी गई है कि घटनाक्रम को जानने के लिए शिवदासपुरा टोल प्लाजा से 26 जून की रात के सीसीटीवी रिकॉर्डिंग जब्त की जाए। शिवदासपुरा पुलिस थाने या आस-पास के मकान-दुकानों तथा महात्मा गांधी अस्पताल की 26 जून की रात तथा 27 जून की सुबह के सीसीटीवी फुटेज को जप्त किया जाए। पर्यवेक्षण के दोषी एसीपी सुरेन्द्र सिंह को निलंबित किया जाए। सेवानिवृत्ति जज या रालसा के जज की देखरेख में पुलिस जांच पूर्ण की जाए। दूसरे प्रकरण में मृतक नानगराम बागड़ा मालवीय नगर निवासी (शिवदासपुरा थाने में यूडी नंबर 16/2024) तथा मृतक तेज प्रकाश तूंगा निवासी के प्रकरणों में अपराधियों को ढूंढ कर गिरफ्तार कर जांच पूर्ण कर चालान कोर्ट में पेश किया जाए। इस दौरान शिष्टमंडल में पूर्व मंत्री एवं दौसा संसदीय क्षेत्र से क्षेत्र से प्रत्याशी रहें भाजपा नेता कन्हैया लाल मीणा, राजकुमार शर्मा महंत गोनेर, लल्लूलाल बागड़ा चंदलाई, शंकरलाल शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा अधिवक्ता, गिरिराज बाडीवाल रामचंद्रपुरा, बीएल दुसाद, प्रहलाद बागड़ा चंदलाई आदि कई लोग मौजूद थे।

## फैंसी ड्रेस-डांस स्पर्धा में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**अजमेर।** ब्रह्माकुमारीज के चंद्रवरदाई नगर शाखा की ओर से आयोजित तीन दिवसीय बाल व्यक्तित्व विकास शिविर का रविवार को समापन हुआ। इस मौके पर आयोजित समारोह में सीआरपीएफ जीसी-2 के कमांडेंट श्रीराम मीणा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। सेंटर प्रभारी बीके योगिनी ने बताया कि शिविर के अंतिम दिन बच्चों की देश भक्ति फैंसी ड्रेस और डांस प्रतियोगिता रखी गई। इसमें बच्चे झांसी की रानी, भारत माता, भगत सिंह, नेताजी सुभाषचंद्र बोस सहित अन्य बनकर आए बच्चों ने देशभक्ति का संदेश दिया। साथ ही देश भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर प्रेक्षा, द्वितीय स्थान पर प्रसन्न जीत सिंह और तृतीय स्थान पर वंश गुरवानी रहे। विजेताओं को कमांडेंट श्रीराम मीणा ने पुरस्कृत कर उनकी हौसला अफजाई की। कार्यक्रम को सफल बनाने में मेघा, भूमिका, राजेश सहित अन्य का योगदान रहा।

### 376 डीएलएड कॉलेजों की 26 हजार सीटों पर प्रवेश के लिए आयोजित हुई परीक्षा

# 5.95 लाख ने दिया प्री DLEd एग्जाम, 6 डमी कैंडिडेट पकड़े

बेधड़क | कोटा

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय (वीएमओयू) कोटा ने प्रदेश में 376 डीएलएड कॉलेजों की करीब 26 हजार सीटों पर प्रवेश के लिए प्री डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (प्री डीएलएड 2024) का आयोजन रविवार को किया गया। इस बेसिक स्कूल टीचिंग सर्टिफिकेट (BSTC) एंट्रेंस प्री डीएलएड परीक्षा में 645454 कैंडिडेट ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। इनमें से 92.19 फीसदी यानी



5 लाख 95 हजार 47 परीक्षार्थी प्रदेश के 33 जिलों में बनाए गए 1917 परीक्षा केंद्र पर एग्जाम देने के लिए पहुंचे। कैंडिडेट्स की अनुपस्थिति 7।81 फीसदी रही है। इस दौरान अलग-अलग राजस्थान के अलग-अलग सेंटर्स से 6 डमी कैंडिडेट्स पकड़े गए।

### जालोर से डमी कैंडिडेट पकड़ा

प्री डीएलएड के समन्वयक डॉ. रवि गुप्ता ने बताया कि एग्जाम दोपहर 12:30 से 3:30 तक आयोजित की गई थी। एंट्रेंस के समय अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस ली गई थी। इस बार कैंडिडेट्स को पर्सनलाइज्ड ओएमआर विद पेपर उपलब्ध करवाया गया था, जिसमें कैंडिडेट्स की डिटेल प्री फील्ड थी। इस परीक्षा में 200 प्रश्न पूछे गए थे। प्रत्येक प्रश्न तीन अंक के थे, निगेटिव मार्किंग भी नहीं है। प्रश्न पत्र चार भाग में विभाजित था, जिनमें जनरल एबिलिटी और रिजनिंग, राजस्थान जनरल नॉलेज, टीचर एटीट्यूड और लैंग्वेज प्रोफिशिएंसी शामिल थी। वहीं, जालोर से डमी कैंडिडेट को पकड़ा गया है।

### चचेरे भाई की जगह परीक्षा दे रहा था सत्येंद्र

सदर थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि युवक सत्येंद्र कुशवाहा अपने चचेरे भाई संजय कुशवाहा के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। आरोपी सत्येंद्र कुशवाहा मनियां थाना क्षेत्र के लाडमपुर गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। आरोपी स्कूल के कमरा नंबर 6 में बैठकर अपने चचेरे भाई की जगह परीक्षा दे रहा था, जिसे स्कूल के स्टाफ ने आधार कार्ड से मिलान करने के बाद पकड़ा है। डमी कैंडिडेट से पूछताछ की जा रही है।

### बाड़मेर में 4 डमी अभ्यर्थी पकड़े गए, एक फरार

बाड़मेर जिले में परीक्षा के दौरान 5 सेंटरों पर चार डमी अभ्यर्थियों को पुलिस ने दस्तयाब किया है, जबकि एक डमी अभ्यर्थी भागने में सफल रहा है। पुलिस के अनुसार यह डमी अभ्यर्थी कुछ अपने रिश्तेदारों की जगह पर, तो कुछ पैसों के लिए परीक्षा देने के लिए आए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस ने बताया कि कोतवाली, सदर, रीको और चौहटन थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक-एक कैंडिडेट को पकड़ा है। पूछताछ में कुछ ई-मित्र संचालकों की भूमिका भी संदिग्ध है। उनसे भी पूछताछ की जा रही है।

### कुलपति और शिक्षा सचिव ने रखी निगरानी

कुलपति प्रोफेसर कैलाश सोडाणी और स्कूल शिक्षा शासन सचिव कृष्ण कुणाल ने कंट्रोल रूम से सतत निगरानी की तथा परीक्षा केन्द्रों का जायजा भी लिया। कुलपति प्रोफेसर सोडाणी ने बताया कि जालौर में एक और बाड़मेर में चार डमी परीक्षार्थी पकड़े गए जिनके खिलाफ प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जयपुर में सबसे ज्यादा 56 हजार 519 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिनमें से 50 हजार 475 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

## Yuva स्टोरीज



### 5 वर्ष तक के बच्चों को 2059 बूथों पर पिलाई पोलियो की खुराक

**जयपुर।** जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का आगाज रविवार को को हुआ। पोलियो दिवस पर नवजात से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को 2059 बूथों पर पोलियो की खुराक पिलाई गई। अभियान में आगामी दिवसों में घर-घर जाकर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के पहले दिन पोलियो दिवस पर जिले में नवजात से लेकर 05 वर्ष तक के बच्चों को 2059 बूथों पर पोलियो की खुराक पिलाई गई। आगामी दिवसों में टीमों द्वारा घर-घर जाकर वंचित रहे बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। जिले के 3 लाख 64 हजार 602 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। आरसीएचओ डॉ. प्रमिला मीणा बताया कि अभियान के आगामी तीन दिवसों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विभाग की ओर से गठित मोबाइल टीमें घर-घर जाकर खुराक से वंचित नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाएगी। अभियान के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए क्षेत्र में 11866 वैक्सीनेटर और 703 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। इसके साथ ही 144 ट्रांजिक्ट टीमें और 500 मोबाईल टीमें कार्य करेंगी। इस प्रकार अभियान में कुल 12569 मैनपावर कार्यरत रहेगा।



### CUET-UG आंसर की जल्द होगी जारी

**नई दिल्ली।** कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी-यूजी) 2024 की प्रोविजनल उत्तर कुंजी जल्द ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा जारी की जाएगी। सीयूईटी यूजी प्रवेश परीक्षा में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी आंसर-की जारी होने के बाद आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से उत्तर कुंजी डाउनलोड कर सकेंगे। सीयूईटी परीक्षा एनटीए द्वारा 15 से 29 मई के बीच आयोजित की गई थी। सीयूईटी यूजी 2024 प्रोविजनल आंसर की डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को आधिकारिक पोर्टल पर अपने लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करना होगा। शेड्यूल के अनुसार, सीयूईटी यूजी रिजल्ट 30 जून, 2024 को घोषित किया जाना था, हालाँकि, अभी तक इस पर कोई आधिकारिक अपडेट नहीं है। सीयूईटी यूजी 2024 का आयोजन एनटीए द्वारा हाइब्रिड मोड (सीबीटी और पेन और पेपर) में 15, 16, 17, 18, 21, 22 और 24 मई 2024 को भारत के बाहर 26 शहरों सहित 379 शहरों में स्थित विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया गया। इस परीक्षा में लगभग 13.48 लाख उम्मीदवारों ने भाग लिया था।



### केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के जन्म दिवस पर 790 यूनिट रक्तदान

**जयपुर।** केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव के जन्मदिवस पर घीसाराम बोहरा वेलफेयर सोसायटी की ओर से होटल सफारी जयपुर में आयोजित रक्तदान शिविर में 790 यूनिट एकत्र हुई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डॉ. करण सिंह यादव ने शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया और कहा कि जीवन में पहली बार इतनी संख्या में (67) बेटियों को रक्तदान करते हुए देखा और इससे पुनित कार्य कोई नहीं है और हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए । आयोजक जीएल यादव ने बताया कि यह उनका आठवाँ रक्तदान शिविर है और आज प्रत्येक रक्तदाताओं को उत्साहवर्धक स्वरूप एक चाँदी का सिक्का दिया गया । शिविर में एसएमएस के कार्डियोजिलिस्ट डॉ. रामगोपाल यादव ने कहा कि घीसाराम बोहरा वेलफेयर सोसायटी जिस भावना से आठवा ब्लड डोनेशन कर रही है। वो हम सबके लिए प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक है। शिविर में पूर्व कुलपति जेपी यादव, दिनेश यादव महासभा, प्रो सीबी यादव, डॉ. भंवर यादव, डॉ. जयराम एसजीएन,अतिरिक्त ज़िला कलेक्टर बाबुलाल यादव, बास्केटबॉल चयनकर्ता सतप्रकाश यादव ,के एल स्वामी ,पी सी यादव, सुरेंद्र आदर्श, प्रदीप डीआरडीओ, डॉ. सुरेश बालाजी, डॉ. दिनेश पिलानिया, हरिद्वारी स्वामी, सरपंच बनवारी लाल शर्मा, नरेंद्र यादव अजीतगढ़ कॉलेज, पवन गोयल, डॉ. सुनीता, डॉ. सुषमा, डॉ. दिनेश गोठवाल सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे ।

### वर्कशाप में सिनेमा जगत के विशेषज्ञ देंगे प्रशिक्षण

# वीडियो लॉग से करेंगे संस्कृत और संस्कृति का प्रचार-प्रसार

- केंद्रीय संस्कृत विवि लखनऊ में आज से 5 दिवसीय आयोजन

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली की ओर से पहली बार संस्कृत वीडियो लॉग (Vlog) कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर के केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 35 छात्र भाग लेंगे।

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्रकल्याण अधिष्ठाता प्रो. मदन मोहन झा ने बताया कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय संस्कृत भाषा और संस्कृति के प्रचार-प्रसार के लिए भारत में प्रसिद्ध है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी के मार्ग दर्शन और निर्देशन में पहली बार संस्कृत V लॉग कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें चयनित 35 छात्र भाग लेंगे। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य यह है कि वर्तमान में विश्व में सोशल मीडिया में किसी भी प्रकार के ज्ञान को प्रसारित किया जा सकता है। इसी क्रम में विश्वविद्यालयीय छात्रों को सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे ट्विटर (x), इस्टाग्राम, यूटयूब, व्हाट्एप्प, फेसबुक और लिंकडइन इत्यादि का परिचय करवाना अपेक्षित



है। इसलिए सोशल मीडिया पर सरल मानक संस्कृत में विडियो लॉग (Vlog) बना कर विश्व में प्रसारित किया जा है। इसके द्वारा स्वरोजगार के अवसर भी प्राप्त होगें। कार्यशाला संयोजक डॉ. अमृता कौर ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उदेश्य छात्रों को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना है। डिजिटल भारत में संस्कृत छात्रों का योगदान संस्कृति एवं संस्कृत का प्रचार-प्रसार करना है। भारतीय पर्यटन स्थलों का वीडियो लॉग (Vlog) द्वारा सरल संस्कृत में परिचय एवं महत्व देना है।

### कार्यशाला में विभिन्न विशेषज्ञ देंगे अलग-अलग विषयों पर प्रशिक्षण

सिनेमा जगत के सूर्यपाल सिंह केरला स्टोरी दिनेश एस यादव turtle फ़िल्म विकास शर्मा बेब सीरी, नारायण दत मिश्रा संस्कृत न्यूज एंकर डीडी न्यूज, डॉ. जगानंद झा संस्कृत ब्लागर संस्कृत समवर्धन संस्थान उत्तरप्रदेश प्रशिक्षण देंगे। वीडियो लॉग (Vlog) निर्माण के लिए कार्यशाला का आयोजन 1 जुलाई से 5 जुलाई तक किया जाएगा। इस कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थी को विडियो एडीटिंग, सामग्री लेखन, संस्कृत भाषा संभाषण, सौन्दर्य शास्त्र, सांस्कृतिक महत्व, फोटोग्राफी, संस्कृत सामग्री इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। चतुर्थ एवं पंचम दिवस में सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों पर प्रतिभागीयों द्वारा संस्कृत वीडियो लॉग निर्माण किए जाएगें। प्रशिक्षक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे एवं प्रतिभागी स्वयं एडिट कर विश्वविद्यालय को प्रदान करेंगे।

### संस्कृत विश्वविद्यालय अखिल भारतीय स्तर पर आया टॉप रैंकिंग में

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने अखिल भारतीय स्तर पर IIRF university ranking में 40वीं रैंक हासिल की है। शिक्षा मंत्रालय के अधीन चलने वाले केंद्रीय केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय को अनेक मानदंडों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पहली बार भारत के शीर्ष रैंकिंग विश्वविद्यालयों में सूचीबद्ध किया गया है। यह भारत के सभी संस्कृत विश्वविद्यालयों में उत्कृष्टता सूची में स्थान प्राप्त करने वाला एकमात्र संस्कृत विश्वविद्यालय है। भाषा विश्वविद्यालयों की दृष्टि से सूची में यह दूसरे स्थान पर है। अखिल भारतीय स्तर पर सी एस यू 40वी रैंक प्राप्त की है तथा इससे पूर्व भाषा विश्वविद्यालयों में से केवल ई एफ एल यू ने ही 19 वी रैंक हासिल की है। कुलसचिव आरजी मुरली कृष्ण ने बताया कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त कुल अंक 913/1000 हैं, जबकि टॉपर जेएनयू ने 989/1000 प्राप्त किए हैं। विदित है कि NAAC द्वारा A++ श्रेणी प्राप्त एवं UGC द्वारा Graded Autonomy Category -1 प्राप्त यह एक मात्र संस्कृत विश्वविद्यालय है। इस नवीन उपलब्धि के लिए भी विश्वविद्यालय के दूरदर्शी कुलपति आचार्य श्रीनिवास वरखेड़ी ने इसका श्रेय पूर्व आचार्यों सहित विश्वविद्यालय के समस्त परिसरों में कार्यरत सभी शिक्षकों अधिकारियों कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं को दिया है।

### UPSC CSE प्रारंभिक परीक्षा परिणाम जल्द होगा जारी

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोगकी ओर से जल्द ही यूपीएससी सीएसई प्रीलिम्स एग्जाम 2024 के नतीजे जारी किए जाएंगे। प्रारंभिक परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद चयनित उम्मीदवारों को यूपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2024 के लिए बुलाया जाएगा। सीएसई मुख्य परीक्षा में दो भागों लिखित परीक्षा और व्यक्तित्व परीक्षण को शामिल किया गया है। इस साल, सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा 16 जून को आयोजित की गई थी। आयोग द्वारा जारी परीक्षा कैलेंडर के अनुसार, यूपीएससी सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2024 का आयोजन 20 सितंबर को किया जाएगा। प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए अभ्यर्थी को जीएस पेपर-2 में कम से कम 33 प्रतिशत अंक तथा जीएस पेपर-1 में कुल योग्यता अंक प्राप्त करने होंगे। स साल, यूपीएससी 1,056 रिक्तियों के लिए सिविल सेवा परीक्षा आयोजित कर रहा है।



### दक्षिण पश्चिमी कमान में कार्यकाल पूरा

## लेफ्टिनेंट जनरल धीरज अब पुणे में संभालेंगे कमान

बेधड़क | जयपुर

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने जयपुर स्थित सप्त शक्ति कमांड की कमान का कार्यकाल पूरा होने के बाद कमान छोड़ दी है। इसके बाद वे पुणे स्थित दक्षिणी कमान का कार्यभार संभालेंगे। इस अवसर पर जनरल ऑफिसर ने जयपुर मिलिट्री स्टेशन के प्रेरणा स्थल पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। गौरतलब है कि लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने गत 1 नवंबर को सप्त शक्ति कमांड की बागडोर संभाली थी। उनके कार्यकाल के दौरान, सप्त शक्ति कमांड ने नवीनतम प्रौद्योगिकियों को अपनाया, ऑपरेशनल तैयारी को बढ़ाने के लिए नवीन तकनीक तथा उच्च स्तर का सामंजस्य हासिल किया, रणनीति और नवीन प्रक्रियाओं को विकसित किया और एक आधुनिक, घातक और मिशन के लिए तैयार सैन्य बल विकसित किया। कमान का कार्यकाल समाप्त होने पर, लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने सप्त शक्ति कमांड के सभी रैंकों, वीर नारी, वेटेरन्स, डिफेन्स सिविलियन और उनके परिवारों को अपना आभार और हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी रैंकों से सप्त शक्ति कमांड के मोटो 'सर्वदा विजयी' को जीने और समाज और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। जनरल ऑफिसर राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के पूर्व छात्र हैं। वह 20 दिसंबर 1986 को 2 लांसर्स में कमीशन हुए थे। जनरल ऑफिसर ने स्किनर्स हॉर्स, आर्मड ब्रिगेड, जम्मू-कश्मीर में एक काउंटर इंसर्जेंसी फोर्स और पश्चिमी मोर्चे पर प्रतिष्ठित स्ट्राइक कोर की कमान भी संभाली है। दक्षिण पश्चिमी कमान की कमान संभालने से पहले, जनरल ऑफिसर दिल्ली एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग थे। सेवा में उनके शानदार योगदान के लिए लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ को अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया।

## मेधावी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का सम्मान समारोह 7 को

**जयपुर।** शिक्षक संघ एलीमेन्ट्री सैकेण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) की ओर से कॅरियर गाइडेंस व मेधावी विद्यार्थियों को विद्यार्थी गौरव सम्मान व शिक्षकों को शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित करने को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन 7 जुलाई को जिला मुख्यालय बीकानेर पर किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के प्रदेशाध्यक्ष मोहरसिंह सलावद करेंगे। जिलाध्यक्ष सीता राम डूडी व जिला महामंत्री पवन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, जयपुर आईपीएस किशन सहाय, एसबीआई के उप महाप्रबंधक अरविंद कुमार भट्ट, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) बीकानेर, डॉ. डीसी मीणा आदि शिरकत करेंगे। समारोह में क्षेत्रीय निदेशक, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा, बलवान सिंह सैनी, सहायक निदेशक, पेंशन विभाग, बीकानेर डॉ.राहुल गोठवाल, सीबीईओ बज्जू डॉ.रामगोपाल रेसटा के प्रदेश महामंत्री नवलसिंह मीना विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे।

प्रशिक्षण | राज्य आपदा प्रतिसाद बल (एसडीआरएफ) ने आपदा मित्रों से किया संवाद

# आपदा सेवा के लिए सदैव तैयार रहने का आह्वान

बेधड़क | जयपुर

घाटगेट स्थित राज्य आपदा प्रतिसाद बल (एसडीआरएफ) कन्ट्रोल रूम पर रविवार को जयपुर जिले के प्रशिक्षित आपदा मित्रों से वर्तमान मानसून सत्र के मध्यनजर संवाद किया गया। इसमें शहर के लगभग 50 आपदा मित्रों ने भाग लिया। सभी आपदा मित्रों को रेस्क्यू टीमों के घटना स्थल पर पहुंचने से पहले किसी भी प्रकार के आपदा प्रभावित क्षेत्र में तत्काल राहत कार्य शुरु करने एवं प्रभावित लोगों को प्राथमिक उपचार देने तथा आपदा प्रभावित क्षेत्र में एसडीआरएफ का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। एसडीआरएफ के कमाण्डेन्ट राजेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया



कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा "आपदा मित्र" योजना के अन्तर्गत राजस्थान राज्य के 13 जिलों के 4700 स्वयं सेवकों को एसडीआरएफ के माध्यम से "आपदा राहत प्रशिक्षण" वर्ष 2022-23 में दिया गया। रविवार को हुए संवाद कार्यक्रम में एसडीआरएफ के एसआई आशीष बंशीवाल व रवि वर्मा, हैड कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह, कांस्टेबल राजेष कुमार दान सिंह, शशिकान्त, बिट्टू बसवाल, सुनील कुमार, सुरेश झरवाल, बाबू लाल, ब्रजमोहन व सचिन मौजूद रहे।

### तीन चरणों में मिला प्रशिक्षण

प्रशिक्षण का उद्देश्य राज्य में आने वाली आपदाओं जैसे बाढ़, भूकम्प, आगजनी आदि के दौरान किये जाने वाले आपदा राहत कार्यो में आपदा राहत एवं बचाव दलों की सहायतार्थ स्वयंसेवकों को तैयार किया जाना था। यह प्रशिक्षण कुल तीन चरणों में दिया गया। प्रथम चरण में 06 जिलों बीकानेर 300, भरतपुर 300, जोधपुर 500, कोटा 300, नागौर 500, अलवर 500, द्वितीय चरण में अजमेर 300, जयपुर 500 तथा तृतीय चरण में 05 जिलों बाड़मेर 300, जालोर 300, झालावाड़ 300, पाली 300, सिरोही 300 के स्वयं सेवकों को "आपदा राहत प्रशिक्षण" दिया गया।

### उद्देश्य : बचाव दल व आपदा मित्र में समन्वय

आपदा राहत प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को आपदा के समय प्राथमिक उपचार, बाढ़ बचाव, रोप रेस्क्यू संबधित एवं इसके अतिरिक्त आपदा के समय किए जाने वाले राहत कार्यो के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आपदा के समय आपदा राहत एवं बचाव दल के साथ आपदा मित्र योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त स्वयं सेवक के समन्वय से जन-धन हानि को कम करना था। कार्यक्रम के अंत में सभी आपदा मित्रों को कन्ट्रोल रूम का विजिट करवाकर एसडीआरएफ की कार्यप्रणाली की सामान्य जानकारी दी गई।


# 'अंगारे' के अहम अफसाना निगार अहमद अली



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हिंदुस्तानी अदब में प्रोफेसर अहमद अली की पहचान 'अखिल भारतीय प्रगतिशील लेखक संघ' के संस्थापक सदस्य और 'अंगारे' के अफसाना निगार के तौर पर होती है। वह इस इंकलाबी कहानी संग्रह के चौथे एवं अहम अफसाना निगार थे। अहमद अली की 'अंगारे' में दो कहानियां 'महावटों की एक रात' और 'बादल नहीं आते' संकलित थीं। जिसे उस जमाने में खूब मकबूलियत मिली। अफसानों के अलावा अहमद अली ने नज्में, नावेल और तन्कीदी मजामीन भी लिखे। अनुवाद किए। सच बात तो यह है कि वे इन सब के अलावा एक बेहतरीन नावेल निगार थे। और मुल्क के उन गिने-चुने हिंदुस्तानी लेखकों मुल्कराज आनंद, आर.के. नारायण और राजा राव में से एक हैं, जिन्होंने आजादी से पहले अंग्रेजी में लिखा और ख़ूब शोहरत कमाई। एक लिहाज से कहें, तो अहमद अली की गिनती भारतीय अंग्रेजी लेखन के पुरोधाओं में है। जिन्होंने विदेशी ज़ुबान में कमाल का लेखन किया। अहमद अली को अपने पहले ही उपन्यास 'ट्विलाइट इन डेल्ही' से अंतरराष्ट्रीय शोहरत मिली। अलबत्ता उपन्यास के कंटेंट की वजह से इसे प्रकाशित करवाने के लिए उन्हें काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। अंग्रेज हुकूमत के ख़ौफ से कोई उनका उपन्यास छापने के लिए तैयार न था।

आखिरकार मशहूर अंग्रेजी राइटर वर्जीनिया वुल्फ के 'होगार्थ प्रेस', लंदन ने साल 1940 में इसे प्रकाशित किया। 'ट्विलाइट इन डेल्ही' प्रकाशित होते ही चर्चा में आ गया। यहां तक कि ब्रिटेन में भी इसे मकबूलियत मिली। जबकि उपन्यास में अंग्रेजी हुकूमत और उसकी पॉलिसियों की खुले लफ्जों में मुख़ालफत और निंदा की गई थी। अहमद अली ने उपन्यास में 1857 के इंकलाब को आजादी की पहली लड़ाई बताया था, वहीं अंग्रेज उसे बग़ावत करार देते थे। उन्होंने अपने इस उपन्यास में अभिव्यक्ति के तमाम ख़तरों को उठाते हुए, अंग्रेजी हुकूमत को दिल्ली की बर्बादी का जिम्मेदार ठहराया है। 'ट्विलाइट इन डेल्ही' में दिल्ली का दिल धड़कता है। पुरानी दिल्ली की तहजीब को यदि हमें अच्छी तरह से जानना-पहचानना है, तो यह उपन्यास एक अहमतरीन दस्तावेज की तरह है।



**प्रोफेसर अहमद अली की जयंती**

*"अहमद अली (जन्म 1 जुलाई, 1910, दिल्ली और मृत्यु 14 जनवरी, 1994, कराची , पाकिस्तान) एक पाकिस्तानी लेखक थे जिनके उपन्यास और लघु कथाएं हिंदू-प्रधान भारत में इस्लामी संस्कृति और परंपरा की पड़ताल करती हैं।"*

अहमद अली की पैदाइश 1 जुलाई, 1910 को देहली में हुई। ग्यारह बरस की उम्र से ही उन्होंने लिखना शुरू कर दिया था। कहानियां और नावेल पढ़ने में उनका ख़ूब दिल लगता था। जबकि घरवालों को यह सब नापसंद था। वे उन्हें डॉक्टर बनाना चाहते थे। बहरहाल, अलीगढ़ और लखनऊ यूनीवर्सिटी में अहमद अली ने आला तालीम हासिल की। इन यूनीवर्सिटियों के इल्मी माहौल में उनकी अदबी सरगर्मियां जारी रहीं। अपनी तालीम के दौरान वे कॉलेज की मैगजीन में नज्में लिखते रहे। तालीम मुकम्मल करने के बाद अहमद अली ने अपने कॅरियर का आग़ाज 1931 में लेक्चररशिप से किया। आगरा कॉलेज और इलाहाबाद यूनीवर्सिटी में उन्होंने ब-हैसियत अंग्रेजी के उस्ताद अपनी ख़िदमात अंजाम दीं। साल 1944 में वह कोलकाता चले गए। जहां उन्होंने प्रेसीडेंसी कॉलेज में अंग्रेजी जबान के विभागाध्यक्ष का ओहदा संभाला। इससे पहले 1942 से 1944 तक उन्होंने नई देहली में बीबीसी के नुमाइंदे और डायरेक्टर के ओहदे पर भी काम किया। बंटवारे के दौरान प्रोफेसर अहमद अली नानजिंग में चीन यूनीवर्सिटी के ब्रिटिश कौंसिल विजीटिंग प्रोफेसर थे, जिन्हें तत्कालीन ब्रिटिश हुकूमत ने नियुक्त किया था। 1948 में जब उन्होंने भारत आना चाहा, तो चीन में भारत के तत्कालीन राजदूत केपीएस मेनन ने उन्हें इसकी इजाजत नहीं दी। जिससे मजबूर होकर उन्होंने पाकिस्तान जाने का फैसला किया और हमेशा के लिए वहीं बस गए। पाकिस्तान आने के बाद 1948-49 में हुकूमत-ए-पाकिस्तान ने अहमद अली को फॉरेन पॉलिसी के डायरेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी। बाद में वे फॉरेन सर्विस में आ गए।

अदब में अहमद अली की इब्तिदा अफसाना निगारी से हुई। कहानी संग्रह 'अंगारे' में शामिल उनके दोनों अफसाने 1931 में लिखे गए थे। अहमद अली का पहला अफसाना 'माहवटों की एक रात' जनवरी, 1932 में 'हुमायूं' में शाए हुआ। सज्जाद जहीर से उनकी मुलाकात कैसे हुई और कहानी संग्रह 'अंगारे' की रूपरेखा कैसे बनी? अपने एक इंटरव्यू में अहमद अली ने ख़ुद ही इसका ख़ुलासा किया था। ''सज्जाद जहीर ऑक्सफॉर्ड से लखनऊ आ गए। उनसे मुलाकात हुई, तो उन्हें हम-मिजाज-ओ-हम-खयाल पाया। हम दोनों ही को अदब, आर्ट और अच्छे कपड़े पहनने का शौक था। लिहाजा ख़ूब गहरी दोस्ती हो गई।.... सज्जाद जहीर ने भी कहानियां लिखी थीं। इसलिए तजवीज पेश हुई कि हम दोनों अपनी-अपनी कहानियों की किताब छापें। लेकिन कहानियों की तादाद कम थी। महमूदुज़्ज़फर से जिक्र हुआ, तो मालूम हुआ कि उन्होंने भी अंग्रेजी में एक कहानी लिखी है। लिहाजा उसे भी किताब में शामिल करने का फैसला हुआ। और इसका उर्दू तजुर्मा सज्जाद जहीर ने किया। रशीद जहाँ के यहां भी अक्सर हम लोगों का जमघट रहता था। लिहाजा उनसे भी कहानी लिखने की फरमाइश की गई। उन्होंने एक कहानी लिखी और सुनाई। जो हम लोगों को पसंद आई। फिर उन्होंने दूसरी कहानी भी लिखी। इस तरह हमारा मजमूआ तैयार हो गया। और दिसम्बर, 1932 में 'अंगारे' के नाम से छपकर आ गया।''अहमद अली अपने अदबी सफर में भले ही आधे सफर के बाद तरक्की पसंद तहरीक से अलग हो गए हों, लेकिन उनकी शिनाख्त हमेशा 'अंजुमन तरक्कीपसंद मुसन्निफीन' के संस्थापकों के तौर पर ही होगी। और उन्हें 'अंगारे' के अफसाना निगार के तौर पर याद किया जाएगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## युगदृष्टा आचार्य विद्यासागर के 56वें मुनिदीक्षा दिवस पर विशेष

# 'बहु आयामी व्यक्तित्व: आचार्य विद्यासागर'



भागचंद जैन मित्रपुरा
अध्यक्ष, अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम, जयपुर।

साधना के सुमेरु, तपोमूर्ति, बहु आयामी व्यक्तित्व एवं विचारधारा के धनी, संयम -तप -त्याग की प्रतिमूर्ति, आगम-महावीर परंपरा निर्वाहक, चतुर्थ कालीन वातावरण प्रदारक आदि अनंत गुणों के धारक समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर का मुनि दीक्षा दिवस जयपुर समेत समस्त राजस्थान के दिगम्बर जैन मंदिरों में रविवार को धूमधाम व आदरपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर अनेक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। यद्यपि आचार्य विद्यासागर आज हमारे बीच नहीं है, तथापि आज पूरा देश उनके 56वें मुनि दीक्षा दिवस के अवसर पर स्मरण करने के अपने अधिकार को आत्मसात करना चाहता है। आचार्य विद्यासागर जी का जन्म सदलगा ग्राम, जिला बेलगाम (कर्नाटक) में एक अश्विन शुक्ल पूर्णिमा - शरद पूर्णिमा के दिन हुआ था।

आपके पिता का नाम मल्लापा जी एवं माता श्रीमंती जी थी। सदलगा ग्राम से 18 किमी दूर एक रिद्धिधारी मुनि भट्टारक विद्यासागर का समाधिस्थल है, आपके माता पिता की इन पर श्रद्धा थी, इनके नाम पर ही आपका नाम विद्याधर रखा गया था। बालक विद्याधर को ग्रामीण परिवेश के सभी तरह के खेल खेलने का एवं चाकलेट खाने का, फिल्म देखने का बहुत शौक था। साथ ही बचपन से ही सहयोग, सेवा, समभाव, मंदिर, शास्त्रों, तीर्थ क्षेत्रों के प्रति लगाव था। चारित्र चक्रवर्ती आचार्य शांतिसागर जी महाराज के प्रवचन सुनकर बालक विद्याधर के मन में 9 वर्ष की उम्र से ही वैराग्य प्रस्फुटित हो गया था। वे स्वयं पर बचपन से ही प्रयोग करते रहते थे श्रवणबेलगोला में एवं अजमेर में बिच्छू ने काटा, लेकिन उपचार नहीं करवाया, दर्द सहन करने का प्रयोग किया। विद्याधर ने 20 वर्ष की आयु में आचार्य देशभूषण जी मुनिराज से खानिया चूलगिरी में 3 दिन का निर्जला उपवास करके ब्रह्मचर्य व्रत ग्रहण किया था एवं मूंजी बंधन संस्कार भी उन्ही के कर कमलों द्वारा किया गया था।

आचार्य ज्ञान सागर जी ने ब्रह्मचारी विद्याधर की प्रखर बुद्धि, साधना, प्रबल वैराग्य भावना को देखते हुए 30 जून 1968 को सोनी जी की नसियां, अजमेर में विशाल जन समूह के समक्ष मुनि दीक्षा प्रदान की।

> *"आचार्य श्री ने अपने प्रवचन से समाज की जागृत किया कि परिग्रह के सद्भाव में कोई भी व्यक्ति अथवा साधक पूजा के पात्र नहीं है। अर्थात् एकल, क्षुल्लक, आर्यिकाए, क्षेत्रपाल, पद्मावती आदि असंयमी जीव परिग्रह के सद्भाव होने से परिक्रमा, पाद प्रक्षालन एवं अष्टद्रव्य से पूजन के पात्र नहीं हैं। केवल निष्परिग्रही मुनि ही पूजा के पात्र है। अपने संघ को इस विकृत रूढ़ी से बचाकर कर इस आराधक पद्धति को सुरक्षित किया।"*




*जन्म दिनांक : 10/10/1946*
*ब्रह्मचर्य व्रत : सन् 1966, 20 वर्ष की आयु में, आचार्य देश भूषण जी महाराज से*
*मुनि दीक्षा : 30/06/1968, 22 वर्ष की आयु में ; सोनीजी की नसियां, अजमेर में, आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज से*
*आचार्य पद आरोहण: 22/11/1972*
*स्थान: नसीराबाद*
*संलेखना द्वारा समाधि: 18/02/2024, डोंगरगढ़ में, 78 वर्ष की आयु में।*

जैसे ही विद्याधर ने शरीर से वस्त्रों का त्याग किया, इंद्र देव ने बरसात की झड़ी लगा दी एवं भयंकर गर्मी में मौसम सुहावना हो गया। 22 नवंबर 1972 को नसीराबाद में आचार्य ज्ञान सागर जी द्वारा मुनि विद्या सागर जी महाराज को आचार्य पद पर आरोहित किया गया। कुछ क्षणों के पश्चात ही ज्ञानसागर जी महाराज ने नव आचार्य विद्यासागर जी से संलेखना व्रत के लिए निवेदन किया और अपने ही शिष्य को अपना निर्यापकाचार्य बना लिया ।30/06/73 को आचार्य ज्ञान सागर जी की उत्कृष्ट समाधि भी यहीं हुई। विद्यासागर जी का आचार्यत्व धारण के बाद प्रथम चातुर्मास 1973 में ब्यावर में हुआ। आचार्य श्री ने फास्ट फूड की जगह पास्ट फूड यानी प्राचीन भारतीय भोजन अपनाने पर जोर दिया।

आचार्यश्री की प्रेरणा से समाज ने कई क्षेत्रों में प्रभावी कार्य किए। समाज के मेघावी छात्रों के लिए दिल्ली में अनुशासन नामक संस्था में उच्च राजकीय सेवाओं की तैयारी कराई जाती है। जबलपुर में महिलाओं को स्वाश्रित बनाने के लिए पूरी मैत्री लघु कुटीर उद्योग की स्थापना की है। 2013 से शुरू प्रतिभा परीक्षा लड़कियों का एक हॉस्टल है जिसमे घर से दूर रहने वाली बालिकाओं के के लिए घर जैसा वातावरण, भोजन व सुरक्षा प्रदान करता है। इसी तरह बालकों को संस्कारित करने के उद्देश्य से एक छात्रावास तैयार किया गया है। प्रतिभास्थली में कन्याओं के सर्वांगीण विकास का अवसर प्रदान किया गया है। आपकी ही प्रेरणा से विद्यांजलि अहिंसा सौंदर्य के नाम से भोपाल में तैयार की जा रही है । बेरोजगारी से त्रस्त पूरे देश को आचार्यश्री ने हाथ करधा को बढ़ावा देकर स्वावलंबन के साथ रोजगार का समाधान दिया। हाथ करघा के वस्त्र अहिंसक होते है, आरोग्यवर्धक होते है। बीनबारह, कुंडलपुर, मंडला, अशोकनगर एवं भोपाल में इस उद्योग के प्रशिक्षण केंद्र है। आगरा आदि जेल में भी कैदियों के लिए हथकरघा केंद्र खोले गए है। संघ के 30 ब्रह्मचारी इसी कार्य में सहयोग दे रहे है। समाज के मेघावी छात्रों के लिए दिल्ली में अनुशासन नामक संस्था में उच्च राजकीय सेवाओं की तैयारी कराई जाती है। 1993 में आचार्य श्री की प्रेरणा से सादर में भाग्योदय तीर्थ नाम से मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई है। जबलपुर में पूर्णायु आयुर्वेदिक चिकित्सालय अनुसंधान विद्यापीठ शुरू किया गया है। जीव दया का भाव गहरी पैठ बनाए हुए था। उनके आशीर्वाद से स्थापित एवं संचालित दयोदय महासंघ पूरे देश में 100 से अधिक गौशालाएं, जिनमें 60000 से अधिक गायें है, संचालित है। गोबर के उपयोग के उपाय में भोपाल में बायोगैस संयंत्र कार्यरत है। बीना बारह में 120 एकड़ में 430 गिर गायों की गोशाला है, जिनका दूध पारंपरिक रूप दोहन होने के कारण बाजार में शांति धारा के नाम से जाना जाता है। धनसौर में एक कुएं का, जिसका पानी बरसों से खारा था, आपके विहार होने से आपकी आभा मंडल के प्रभाव से ही।पानी मीठा हो गया। वर्ष 1978, 1981, 1982 नैनागिरी क्षेत्र में डाकुओं ने आचार्य श्री की चर्या से प्रभावित होकर आत्मसमर्पण किया था। आचार्य श्री न विभिन्न अवसरों पर अपने प्रवचनों में अपनी संस्कृति, परंपरा बचाने के लिए भारत को भारत बोले, इंडिया नहीं, बोलने हेतु प्रेरित किया। राष्ट्रीय भाषा हिंदी हो, भारत में भारतीय शिक्षा पद्धति लागू हो, भारतीय भाषा में सरकारी एवं न्यायिक कार्य हो। आचार्य श्री की प्रेरणा से प्रतिभास्थली ज्ञानोदय पीठ में शिक्षा का माध्यम हिन्दी ही है। आचार्य श्री त्याग की प्रतिमूर्ति थे। इनके नमक और मीठे का त्याग 1969 से 23 वर्ष की अवस्था से ही है। हरी वनस्पति, दही, ड्राई फ्रूट्स, तेल, सभी प्रकार के भौतिक साधन, थूकने आदि का आजीवन त्याग था। 1968 से 2023 तक 56 चातुर्मास में से 5 चातुर्मास मुनि रूप में आचार्य ज्ञान सागर जी के साथ एवं शेष 51 चातुर्मास आपने आचार्य के रूप में किए है। आचार्यश्री की औपचारिक विद्यालयी शिक्षा नवमी तक ही थी, लेकिन मातृभाषा कन्नड़ और स्कूली भाषा मराठी होने पर भी आपका हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश आदि भाषाओं पर पूर्ण अधिकार है। दीक्षोपरांत आचार्य ज्ञान सागर जी ने मुनि विद्यासागर को न्यायशास्त्र, प्रमेय रत्नमाला, अष्टशती एवं अष्टसहस्त्री, प्रमयकमलमार्टंड, प्रवचनसार, पंचास्तिकाय, नियमसार, अष्टपाहुड, मुलाचार जैसे ग्रंथ अल्प समय में ही पढ़ा दिए। आचार्यश्री ने अपनी मौलिक रचनाओं में नर्मदा के नरम कंकड़, डुबो मत लगाओ डुबकी, तोता क्यों रोता है, मुक्तक शतक, दोहा शतक, पूर्णोदय शतक, सर्वोदय शतक, जैन गीता, कुंदकुंद का कुंदन अष्ट पाहुड़ आदि है। आचार्य श्री न अपनी कालजयी कृति महाकाव्य मूकमाटी का लेखन अप्रैल 1984 में जबलपुर से शुरू किया था, इसमें 487 पृष्ठ के चार खण्ड हैं। इसका प्रकाशन भारतीय ज्ञानपीठ दिल्ली ने किया है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# भाई जी, नहीं गिरेगी सरकार!



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

गिरे हुए लोगों ने मिलकर बनाई थी सरकार, अतः वे ही उसे गिराने में लगे थे। सामने चुनाव थे, इसलिये अपने-अपने पैंतरे और अपने-अपने दांव। मुझे एक बाहर से समर्थन देने वाले मुखिया मिल गये। मैने कहा - ''क्यों देश को मध्यावधि चुनाव की ओर धकेल रहे हो? मुखिया जी बोले -''भाई जी, कितने दिन हाथ लगायें और हम इन्हें ही बचाने में लगे रहें या अपने को भी पब्लिक में सेव करें। यह तो हो नहीं सकता कि अपना भट्टा बैठाकर, इनका कल्याण करते रहें। वैसे आपसे क्या छिपाना, सरकार गिरायेंगे नहीं। क्योंकि हम भी अभी चुनाव के लिये तैयार नही हैं।''

''तो फिर यह कौनसा रिहर्सल चल रहा है?'' ''देखो, हमें भी अपनी इमेज बचानी है। सरकार राष्ट्रहित में कार्य कर रही है, हमने उसे आँख नहीं दिखाई तो ये अपना अच्छा खासा वोट बैंक तैयार कर लेंगे। फिर चुनाव में हमको कौन पूछेगा?'' मुखिया जी ने कहा। मैने कहा -'' लेकिन सुना है कि आप कोई मोर्चा बना रहे हैं? वे बोले- ''मोर्चा चुनाव के बाद के हालात देखकर बनायेंगे, कल हमारी ही हवा निकल गई तो क्या खाकर बनेगा मोर्चा। अभी तो हमने सरकार के खिलाफ षड़यंत्र का मोर्चा खोला है, ताकि विपक्ष भी सावचेत रहे।'' ''लेकिन विपक्ष तो चुनाव चाहता है। पी.एम. से इस्तीफा मांग रहा है'' मैनें कहा।

''आप भी कमाल करते हैं। मोटी अक्ल की बात है, हम उन्हें किसी कीमत पर मजबूत नहीं होने देंगे।''

मैं बोला ''सर, यह अन्ना फैक्टर?''

''यही तो चक्कर है, विपक्ष ने अपनी पार्टी को ईमाददार पार्टी समझ रखा है। इसलिये वह मध्यावधि का लाभ लेने की सोच रही है। वास्तविकता यह है कि राजनीति में गंदगी है। कोई दूध का धुला नहीं है। यहाँ तक कि मैं और मेरी पार्टी का चरित्र आपसे छिपा हुआ नहीं है।'' वे बोले। ''और बहन जी क्या चाहती है?'' मैने पूछा। ''वही हमारा वाला खेल है। भी समर्थन वापसी की धमकी दे रहा है, वह कोरी धौंस है। सरकार पूरे पाँच साल पूरा करेगा ताकि इनके बचे-खुचे घोटाले सामने आ जायें और यह तो मैदान से हटे। बाद में तो निपट लेंगे।'' मुखिया जी ने कहा।

''लेकिन यह तो बहुत गिरी हुई हरकत है।'' ''भैया, यह राजनीति है। यह गिरे हुए लोगों से ही चलती है। इसके बारे में कोई गलतफहमी हो तो निकाल देना।'' यह कहकर मुखिया जी चले गये। मैं सब समझ गया कि सरकार गिरेगी नहीं और समर्थन की भी समस्या नहीं है। एक ने हाथ हटाया तो दूसरा लगा देगा।

## ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में भी हो रहा है सुधार

# मल्टी लेयर फार्मिंग से आमदनी को बढ़ावा



गुलाब बत्रा
वरिष्ठ पत्रकार

पिछले दशकों में भरतपुर जिले में विकसित एग्रो पशुपालन मॉडल पर आधारित शोध पत्र को देश के किसानों, पशुपालकों से साझा किया जाएगा। उच्चैन बयाना सड़क मार्ग पर पना गांव में मल्टीलेयर फार्मिंग सहित नवाचारों के लिए लोहागढ़ जैविक फार्म को परीक्षण केन्द्र बनाने की दिशा में पहल हो गई।

अर्थशास्त्री एवं स्वच्छ भारत मिशन रिसर्च कमेटी के चेयरमैन डॉ.अमिताभ कुन्डू और कृषि सुधार एवं एम एस पी पर गठित प्रधानमंत्री उच्चाधिकार समिति के सदस्य डॉ.विनोद आनंद ने हाल ही में फार्म का अवलोकन करते हुए यह राय व्यक्त की। फार्म संचालक डिप्लोमा इंजीनियर कमल मीणा तथा लूपिन के पूर्व अधिशाषी निदेशक सीताराम गुप्ता ने 16 बीघा क्षेत्र फैले फार्म पर कृषि एवं पशुपालन क्षेत्र में किए गए नवाचारों से उन्हें अवगत कराया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 30 सितम्बर, 2022 को मन की बात कार्यक्रम में कमल मीणा की उपलब्धियों का उल्लेख किया था। प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में राजस्थान से कमल मीणा सहित चित्तौडगढ़ सवाई माधोपुर के तीन किसान सम्मिलित हुए थे। लगभग सात हजार वृक्षों से आच्छादित इस फार्म पर स्थानीय संसाधनों से तीन बिस्वा भूमि पर छायादार मल्टीलेयर फार्मिंग मॉडल तैयार किया गया है। जमीन से ढाई ईंच नीचे सामान्य तथा काली हल्दी बोयी गयी।



औषधीय गुण कुकुरमिन होने से काली हल्दी कैंसर चिकित्सा में काम आती है। ऊपर दो माह में तैयार होने वाली पालक, धनिया, मैंथी की बुवाई की गई। इनकी कटाई से हल्दी पौधों की निराई गुड़ाई हो जाती है। बांसों पर बेल वाली फसलें तोरई, करैला, घीया इत्यादि लगाई गई। पन्द्रह-पन्द्रह फिट पर देशी पपीता लगाया गया। गन्ना चूंकि पांच वर्ष में तैयार होता है। इसके साथ लगाई गई अरहर दाल प्रत्येक छः माह मे मिल जाती है। मल्टीलेयर फार्मिंग से किसान दो बीघा भूमि में विविध फसले लेकर अपनी आमदनी बढ़ा सकते है। कृषि तथा पशुपालन में किए नवाचारों के संदर्भ में कमल मीणा ने बताया कि जैविक खेती और नेचुरल फार्मिंग का समन्वित रूप अधिक लाभप्रद रहा। रासायानिक खाद कीटनाशक के उपयोग से खेती की भूमि में कार्बन कम हो रहा है। ऐसी जमीन को पुनः उपजाऊ बनाने में तीन से चार साल लग जाते है।

गाय के गोबर, मूत्र सहित गुड़ और बेसन के घोल से तैयार जीवामृत खाद एवं वर्मी या कम्पोस्ट खाद फसल के लिए अत्यंत उपयोगी होती है। भारत सरकार ने गाय के उत्पादों तथा खेती के कूड़ा कर्कट एवं पेड़ पौधों की पत्तियों को लीप क्रेशर मशीन की सहायता से दो माह में तैयार होने वाली खाद खरीदने की योजना शुरू की है। कमल मीणा ने जैविक खाद और खेती को पंचायत स्तर पर बढ़ावा देने रासायानिक खाद की तरह जैविक खाद पर सब्सिडी देने का सुझाव दिया। इस दौरान भरतपुर जिले में सरसों की फसल के बारे में चर्चा हुई। सरसों की तूड़ी को जलाने अथवा वर्मी खाद बनाने की अपेक्षा विमान के ईंधन में इस्तेमाल एथेनोल बनाने को प्राथमिकता देने की आवश्यकता बताई गई। इसके संयंत्र स्थापित करने में सरकार सहयोग दे रही है। भरतपुर में एग्रो पशुपालन मॉडल के बारे में सीताराम गुप्ता ने बताया कि कामां के निकट इन्द्रोली में एक पशुपालक को दूध उत्पाद संयत्र के लिए पांच छः बरस पहले बैंक ऋण सहायता दिलाई गई। संयंत्र से घी मावा पनीर तैयार करने के साथ मिठाईयां भी बनाई जा रही हैं। हरियाणा के फरीदाबाद तक इसकी मांग है। इस पहल से किसान पशुपालकों ने संयत्र के लिए दूध हेतु लगभग चार सौ भैंसों की खरीद की है जिससे गांवों की अर्थव्यवस्था सुधरी है।

**X**



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
कृषि कल्याण एवं औद्योगिक विकास - हमारी प्राथमिकता... आज भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री @DrMohanYadav51 जी की उपस्थिति में "पार्वती-कालीसिंध-चंबल अंतरराज्यीय नदी लिंक परियोजना के कार्यान्वयन के लिए संयुक्त पहल" में सहभागी बना।



**दीया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
@KumariDiya
आज, संघ शक्ति कार्यालय पहुंचकर श्री क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक परम श्रद्धेय श्री भगवान सिंह जी रोलसाहबसर का कुशलक्षेम जाना। इस दौरान श्री प्रताप फाउंडेशन के संयोजक श्री महावीर सिंह जी सरवड़ी भी उपस्थित थे। प्रभु श्रीराम जी से आपके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की कामना करती हूं।



**गोविंद सिंह डोटासरा,** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष
@GovindDotasra
पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता श्री प्रहलाद गुंजल जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना है।

### कांग्रेस ने फिर की जातिगत जनगणना की हिमायत, आरक्षण पर भी अपना रुख दोहराया

# संसद कानून बनाए, समाप्त की जाए 50 फीसदी आरक्षण की सीमा: रमेश

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस ने रविवार को कहा कि संसद में कानून लाकर 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को खत्म कर दिया जाए। इसके लिए संसद को एक कानून पारित करना चाहिए। इसके साथ ही पार्टी ने जातिगत जनगणना की मांग भी है।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा कि आरक्षण कानूनों को 50 फीसदी की सीमा से परे नौवीं अनुसूची में शामिल करना भी कोई समाधान नहीं है, क्योंकि 2007 के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार ऐसे कानून न्यायिक समीक्षा के अधीन हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए संविधान संशोधन कानून की जरूरत है। ऐसी स्थिति में संसद के पास एकमात्र रास्ता यह है कि वह संविधान संशोधन विधेयक पारित करे, जिससे एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण 50 फीसदी से ज्यादा हो सके।



जयराम रमेश ने कहा, संविधान में कहीं नहीं लिखा कि आरक्षण 50 प्रतिशत होना चाहिए। यह न्यायपालिका के दिए गए निर्णयों से आया है। हम चाहते हैं कि संविधान का संशोधन हो और आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा हटा दी जाए। इसके अलावा राज्यों को अधिकार दिए जाएं।

## जदयू पर भी साधा निशाना

जयराम रमेश ने आरक्षण के लिए संशोधन पर बात करते हुए जेडीयू पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जेडीयू ने 65 प्रतिशत आरक्षण के लिए नवीं अनुसूची की बात की है लेकिन वह भाजपा पर इस बात के लिए दबाव नहीं डाल रही। ज्ञात रहे कि जनता दल (यूनाइटेड) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की शनिवार को नई दिल्ली में हुई बैठक में पारित एक प्रस्ताव में केंद्र सरकार से राज्य में 65 प्रतिशत आरक्षण से संबंधित कानून को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने का अनुरोध किया गया था, ताकि उसकी न्यायिक समीक्षा की संभावना खारिज की जा सके। जयराम रमेश ने देश भर में जातिगत जनगणना की मांग भी की है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना जरूरी है। देश होने वाली आगामी जनगणना में जाति का नाम भी शामिल कर लिया जाए।

## मोदी के पास मणिपुर दौरे का समय नहीं

रमेश ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के कथित इस्तीफे को नाटक बताते हुए पीएम मोदी पर राज्य की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि एक साल से अधिक वक्त बीत चुका है, लेकिन प्रधानमंत्री को हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा करने का 'अभी तक समय नहीं मिला' है। जयराम रमेश ने पिछले साल मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे को लेकर हुए 'नाटक' की याद दिलाई और आधिकारिक एक्स हैंडल पर फटे हुए त्यागपत्र की तस्वीर साझा की। रमेश ने कहा, ठीक एक साल पहले, इंफाल में इस्तीफे का एक बड़ा नाटक हुआ था। उन्होंने कहा, मणिपुर की पीड़ा और व्यथा जारी है। यहां तक कि पीएम मोदी मणिपुर के विधायकों से भी आमने-सामने आकर बात करने से कतरा रहे हैं। उनके पास मणिपुर के अलावा हर चीज के लिए समय है।

## केजरीवाल को मोदी के निर्देश पर किया अरेस्ट



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने सीबीआई द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर पीएम मोदी पर हमला बोला है। उन्होने कहा कि पीएम मोदी के निर्देश पर सीबीआई ने केजरीवाल को गिरफ्तार किया है। संजय सिंह ने कहा, कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि ईडी के पास अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोई सबूत नहीं है और वो दुर्भावनापूर्ण इरादे से काम कर रही है। ईडी के पास अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कोई मनी ट्रेल नहीं है, कोई सबूत नहीं है, कोई पैसे की रिकवरी नहीं है और इसलिए अरविंद केजरीवाल निर्दोष हैं। इसी बीच, ईडी के लोग बिना ऑर्डर की कॉपी लिए असंवैधानिक, गैरकानूनी तरीके से हाई कोर्ट पहुंच गए और उस जमानत पर स्टे ले आए। अरविंद केजरीवाल को केंद्र सरकार, पीएम के निर्देश पर CBI ने गिरफ्तार किया।

## बीमा भारती ने पप्पू यादव से मांगा समर्थन

**पटना।** बिहार की रूपौली विधानसभा सीट के लिए हो रहे उपचुनाव में राजद प्रत्याशी बीमा भारती ने रविवार को पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव से मुलाकात की है। जिसके बाद से सियासी गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। बताया जा रहा है कि बीमा भारती ने पप्पू यादव से मिलकर रूपौली उपचुनाव में समर्थन मांगी है। लोकसभा चुनाव में पूर्णिया सीट पर बीमा भारती को निर्दलीय प्रत्याशी पप्पू यादव के सामने हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस और महागठबंधन से टिकट नहीं मिलने पर पप्पू यादव ने निर्दलीय प्रत्याशी रूप में चुनाव लड़ा था और जीत हासिल की थी। बीमा भारती ने रूपौली की विधानसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद अब 10 जुलाई को इस सीट पर उपचुनाव होना है। राजद ने बीमा भारती को मैदान में उतारा है।

### लोकसभा: डिप्टी स्पीकर के पद को लेकर सियासत तेज

# विपक्ष का सपा के सांसद अवधेश प्रसाद को प्रत्याशी बनाने पर मंथन!

एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के बाद अब डिप्टी स्पीकर के चुनाव को लेकर सत्तारूढ़ राजग और विपक्षी गठबंधन इंडिया के बीच सहमति बनने के आसार कम हैं। विपक्ष शुरू से ही डिप्टी स्पीकर का पद मांग रहा है। उसने तो लोकसभा अध्यक्ष के निर्विरोध चुनाव के लिए डिप्टी स्पीकर का पद दिए जाने की मांग भी की थी। लेकिन बात नहीं बनी। अब इंडिया ब्लॉक, डिप्टी स्पीकर के पद के लिए समाजवादी पार्टी के फैजाबाद से सांसद अवधेश प्रसाद को प्रत्याशी घोषित करने की योजना बना रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, अवधेश प्रसाद को उम्मीदवार बनाने का विचार पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी की ओर से आया है और तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और विपक्ष के नेता राहुल गांधी पहले ही इस पर चर्चा कर चुके हैं। अन्य सहयोगियों से भी इस पर बात की जा सकती है। तीनों दलों को लगता है कि अवधेश प्रसाद एक अलग तरह के प्रत्याशी होंगे और उनकी उम्मीदवारी एक मजबूत संदेश देगी। हालांकि विपक्ष की ओर से डिप्टी स्पीकर के लिए उम्मीदवार की औपचारिक घोषणा तभी होगा जब सरकार चुनाव कराने की घोषणा करेगी।



## अवधेश का नाम भाजपा के लिए कठिन प्रस्ताव

डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को देने की परंपरा रही है और राजग यह पद विपक्ष को देने पर राजी हो जाए तो भी यह माना जा रहा है कि अवधेश प्रसाद का नाम भाजपा नीत राजग सरकार के लिए एक कठिन प्रस्ताव हैं क्योंकि सपा सांसद ने अयोध्या (फैजाबाद सीट) से जीत हासिल की है। समझा जाता है कि भाजपा राजग में शामिल टीडीपी या जदयू को में से किसी एक दल को डिप्टी स्पीकर का पद से सकती है।

## विपक्ष देना चाहता है मजबूत संदेश

समझा जाता है कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव से बातचीत में, अभिषेक बनर्जी ने कहा कि उपाध्यक्ष पद के लिए इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार का चयन एक 'मजबूत संदेश' देना चाहिए। चूंकि संख्या बल के हिसाब से इंडिया गठबंधन कमजोर है, इसलिए उन्होंने प्रतीकात्मकता पर ध्यान केंद्रित किया। तृणमूल के एक सांसद ने कहा कि इंडिया गठबंधन उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ेगा। इस सत्र के बाकी तीन दिनों में या बाद में भी हम सामूहिक रूप से इस पद की मांग करेंगे। संभावित उम्मीदवारों पर आम सहमति बनाई जा रही है।

## फिलहाल सरकार के एजेंडे में धन्यवाद प्रस्ताव पारित कराना

संसद के पहले सत्र में तीन दिन ही बचा है जिसमें राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित कराना सरकार के एजेंडे में शामिल है और डिप्टी स्पीकर चुनाव पर सरकार ने अपने पत्ते अभी तक नहीं खोले हैं।

## टीडीपी की नजर आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने पर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने रविवार को कहा कि तेलुगु देशम पार्टी आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा दिए जाने की मांग को को पूरा करने के लिए कोई रास्ता निकालेगी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार किंजरापु ने एक अंग्रेजी दैनिक के साथ बातचीत में कहा कि कहा, राज्य को फलने-फूलने के लिए कुछ दूसरे मुद्दे भी अहम हैं। अगर आप एक ही चीज पर जोर देंगे, तो यह दूसरी मांगों को छोटा दिखाना होगा। मैं नहीं चाहता कि ऐसा कुछ हो। मेरे लिए तो रेलवे जोन अधिक जरूरी है क्योंकि मैं उत्तरी आंध्र क्षेत्र से आता हूं। विशेष राज्य के दर्ज को लेकर उन्होंने कहा कि राज्य के विभाजन के शुरुआती 5 बरसों में हमें एनडीए सरकार से कुछ समर्थन मिला। हमारे पास चंद्रबाबू नायडू की लीडरशिप थी। हम राज्य को विकास के रास्ते पर लेकर गए। हमें ऐसा लगा कि अगर राजग से और अधिक समर्थन मिलता तो हम ज्यादा सफलता हासिल कर सकते थे। किंजरापु ने कहा कि 2019 का चुनाव हम हार गए और जगन मोहन रेड्डी सत्ता में आए। 5 साल तक उन्होंने राज्य के लोगों को धोखे में रखा। उन्होंने कहा, आंध्र प्रदेश की कोई राजधानी नहीं है। हम इसे लेकर अमरावती की मांग कर रहे हैं। यह अहम है और मुझे उस पर भी जोर देना है। हमारा फोकस पोलावरम पर भी है जो नेशनल प्रोजेक्ट है। बीते 5 बरसों में इसमें कोई प्रगति नहीं हुई है। मगर, जब आप कोई एक ही मुद्दा उठाते हैं, तो वह काफी हद तक राजनीतिक हो जाता है।

### केरल के कोझिकोड में बनेगा एम्स

# स्थापना के श्रेय को लेकर भिड़े थरूर व राजीव चंद्रशेखर

एजेंसी | तिरुवनंतपुरम

केरल में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना को लेकर कांग्रेस सांसद शशि थरूर और भाजपा नेता व पूव केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर के बीच वाकयुद्ध जारी है। थरूर ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि तिरुवनंतपुरम लोकसभा क्षेत्र के लिए उनके प्रयासों के बावजूद केंद्र सरकार ने कोझिकोड जिले में एम्स स्थापित करने के लिए केरल सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने शनिवार को राज्य विधानसभा को सूचित किया है कि केंद्र ने कोझिकोड के किनालूर में एम्स स्थापित करने के प्रस्ताव को स्वीकार किया है। वहीं चंद्रशेखर ने आरोप लगया कि थरूर ने अपना कोई वादा पूरा नहीं किया है। थरूर ने एम्स के लिए अपने प्रयासायें का जिक्र करते हुए कहा कि कोई भी सांसद अपनी पसंद की जगह पर इस प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान की स्थापना का वादा नहीं कर सकता। यह इस बात पर निर्भर करता है कि राज्य सरकार क्या प्रस्ताव करती है और केंद्र सरकार क्या सहमत होती है। थरूर ने कहा, अपने सर्वोत्तम प्रयासों और अपने निर्वाचन क्षेत्र में एम्स के लिए पैरवी के साथ ही मैंने ईमानदारी से मतदाताओं से कहा कि राज्य सरकार ने कोझिकोड को चुना है और केंद्र के सामने यही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने कहा, केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने राज्य विधानसभा को बताया कि केंद्र ने कोझिकोड के किनलूर में एम्स स्थापित करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।



## भाजपा-एनडीए के संघर्ष के बिना संभव नहीं था

पूर्व केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर ने कहा कि 15 साल तक तिरुवनंतपुरम का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस सांसद ने अपना कोई वादा पूरा नहीं किया। वह आज बात कर रहे हैं कि कोझिकोड को एम्स मिल रहा है। ऐसा नहीं होता अगर भाजपा या एनडीए लड़ाई नहीं लड़ी होती। उन्होंने दावा किया कि यदि तिरुवनंतपुरम का प्रतिनिधित्व भाजपा सांसद करते तो स्थिति कुछ और होती।

### वेंकैया नायडू से संबंधित तीन पुस्तकों का विमोचन, कांग्रेस पर फिर साधा निशाना

# सेवा-संकल्पों की सिद्धि का माध्यम है सत्ता: PM

एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पूर्व उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू के जीवन पर आधारित तीन पुस्तकों को विमोचन किया। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इन पुस्तकों का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने आपातकाल के काले अध्याय को याद किया और कांग्रेस को निशाने पर लिया।

प्रधानमंत्री ने वेंकैया नायडू की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी जीवनी लोगों को प्रेरित करेगी। पीएम मोदी ने नायडू की जीवनी 'वेंकैया नायडू - सेवा में जीवन',भारत का जश्न - भारत के 13वें उपराष्ट्रपति के रूप में एम वेंकैया नायडू का मिशन और संदेश', महानता - एम वेंकैया नायडू का जीवन और यात्रा का विमोचन किया। हैदराबाद में आयोजित कार्यक्रम में वेंकैया नायडू, कई अन्य नेता और प्रमुख हस्तियां शामिल हुईं। पीएम मोदी ने अपने संबोधन कहा कि सत्ता, सुख का साधन नहीं बल्कि सेवा और संकल्पों की सिद्धि का माध्यम है। नायडू ने यह तब भी साबित कर दिया था, जब उन्हें अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में शामिल होने का अवसर मिला। नायडू जानते थे कि उन्हें कोई भी मंत्रालय मिलेगा, जो वे चाहते हैं, लेकिन उन्होंने आगे बढ़कर कहा कि अगर मुझे ग्रामीण विकास मंत्रालय दिया जाए तो अच्छा रहेगा। नायडू गांव, गरीब और किसानों की सेवा करना चाहते थे। आपातकाल का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि वेंकैया नायडू आपातकाल के खिलाफ लड़ने वालों में से थे और उस समय वह लगभग 17 महीने जेल में रहे थे। मैं उन्हें अपना सच्चा साथी मानता हूं, जिनकी आपातकाल की अग्नि में परीक्षा हुई।




### महिला से मारपीट का मामला गरमाया

# भाजपा-माकपा ने टीएमसी को घेरा

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सड़क पर एक व्यक्ति की ओर से महिला सहित 2 लोगों की पिटाई का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। विपक्ष ने इसे लेकर राज्य की टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोला है। विपक्षी दलों माकपा और भाजपा की ओर से कहा गय गया कि यह वीडियो बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले का है। यह घटना पिछले हफ्ते की बताई जा रही है। विपक्षी नेताओं के मुताबिक, हमलावर स्थानीय निवासी है जिसका नाम तजम्मुल है जिसके तृणमूल कांग्रेस से संबंध हैं। भाजपा आईटी सेल के प्रमुख और बंगाल के लिए पार्टी के सह-प्रभारी अमित मालवीय ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह वीडियो पोस्ट किया है। इसके साथ उन्होंने लिखा, 'वीडियो में महिला से मारपीट कर रहा आदमी स्थानीय विधायक हमीदुर रहमान का करीबी सहयोगी है। उन्होंने कहा कि बंगाल में कानून-व्यवस्था का कोई नामोनिशान नहीं बचा है। क्या ममता बनर्जी इस राक्षस के खिलाफ कार्रवाई करेंगी या उसका बचाव करेंगी?



## पुलिस ने दर्ज किया मामला जांच शुरू

इस्लामपुर पुलिस जिले के पुलिस अधीक्षक जोबी थॉमस ने कहा कि हमें इस घटना के बारे में पता चला है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना में जो भी लोग शामिल हैं, उनकी पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी। हम वीडियो से कई लोगों की पहचान करने में सक्षम हैं। कानून को हाथ में लेने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### महाराष्ट्र: विपक्ष का छोटे दलों को साथ लेकर चलने पर जोर

# मुख्यमंत्री फेस पर मौन, मिलकर चुनाव लड़ने पर मुखर हुए शरद पवार

एजेंसी | मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(एसपी) प्रमुख शरद पवार ने रविवार कहा कि उनकी पार्टी, कांग्रेस और उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना मिलकर इस साल अक्टूबर में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, उन्होंने मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर कोई बात नहीं की। पवार ने सहां संवाददाता सम्मेलन में यह भी कहा कि महाराष्ट्र में प्रमुख विपक्षी दलों की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे राज्य के विधानसभा चुनावों में छोटे सहयोगियों के हितों की रक्षा करें, जो 2024 के लोकसभा चुनावों में गठबंधन का हिस्सा थे।



पवार ने कहा कि लोगों ने 2024 के लोकसभा चुनाव में एनसीपी (एसपी), शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस पर विश्वास दिखाया है। लेकिन इन तीन पार्टियों की तरह वाम पार्टियां, पीजेंट्स एंड वर्कर्स पार्टी (पीडब्ल्यूपी) भी गठबंधन का हिस्सा थीं, लेकिन हम उन्हें लोकसभा में सीट नहीं दे सके। इन दलों के हितों की रक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसलिए विधानसभा चुनाव में उनके साथ आगे बढ़ने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य में बदलाव की जरूरत है और इसे पूरा करना विपक्षी गठबंधन की नैतिक जिम्मेदारी है। ज्ञात रहे कि राकांपा (एसपी), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) विपक्षी महा विकास अघाडी (एमवीए) के घटक हैं।

## राउत का शिंदे सरकार पर हमला, कहा-विस चुनाव में होगी हार

शिवसेना (यूबीटी ) के नेता संजय राउत ने राज्य की एकनाथ शिंदे सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि महाराष्ट्र की सत्ता में बैठी धोखेबाज सरकार के पास जीने के लिए दो या तीन महीने हैं। लोकसभा चुनाव में जनता ने इस सरकार को नकारा और विधानसभा चुनाव में इस सरकार को हार का सामना करना पड़ेगा। राउत ने राज्य में शिंदे सरकार के दो साल पूरे होने को लेकर यह बात कही। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा ये दो साल धोखाधड़ी के हैं। एक बेईमान, संविधान विरोधी सरकार बनी। नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने उसे असंवैधानिक सरकार को ताकत दी। राउत ने सवाल करते हुए कहा कि शिंदे सरकार ने दो साल में क्या किया? सरकार ने प्रदेश को कर्ज का बाजार बना दिया। उन्होंने महाराष्ट्र के उद्योग को गुजरात में जाने दिया, ये राज्य का दुर्भाग्य है कि ये दो साल से सिर्फ ढोल पीट रहे हैं। उन्होंने सीएम एकनाथ शिंदे पर हमला बोलते हुए कहा कि दुनिया उनके कहे अनुसार नहीं चलती, क्या चोर और लुटेरे कभी बढ़ते हैं?

## विधानसभा चुनाव पर नजर

पवार ने कहा, जिस तरह (महाभारत में) अर्जुन का लक्ष्य मछली की आंख थी, उसी तरह हमारी नजरें महाराष्ट्र के चुनावों पर टिकी हैं। कांग्रेस, राकांपा (एसपी) और शिवसेना (यूबीटी) मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ेंगी। पवार ने कहा कि राज्य में सीट बंटवारे पर बातचीत अभी शुरू नहीं हुई है, लेकिन जल्द ही शुरू हो जाएगी।

## पालकी यात्रा का करेंगे स्वागत

यह पूछे जाने पर कि क्या वह शुक्रवार को यहां शुरू हुई पवित्र (तीर्थयात्रा) 'पालकी' यात्रा में भाग लेंगे, पवार ने कहा, पालकी पुणे जिले में बारामती स्थित मेरे गांव से पंढरपुर तक जाएगी। मैं बारामती में पवित्र 'पालकी' यात्रा का स्वागत करूंगा। पूज्य संत तुकाराम और ज्ञानेश्वर महाराज के पदचिह्नों को लेकर 'पालकी' यात्रा पिछले दो दिनों में क्रमशः पुणे के देहू और आलंदी से सोलापुर जिले के पंढरपुर के लिए रवाना हुई। पालकी यात्रा 17 जुलाई को आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर पंढरपुर में भगवान विट्ठल के मंदिर पहुंचेगी।

## जरूरी खबर

### हिज्ब के ठिकानों पर NIA के छापे दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने रविवार को तमिलनाडु से अंतरराष्ट्रीय इस्लामी संगठन हिज्ब-उत-तहरीर से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया। उन पर राज्य में युवाओं को कट्टरपंथी बनाने का आरोप लगा है। एनआईए के अनुसार तमिलनाडु के पांच जिलो में दस स्थानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया गया, जिसके बाद दो लोग गिरफ्तार किए गए। इस दौरान डिजिटल उपकरण और कई आपत्तिजनकर दस्तावेज जब्त किए गए। इन दस्तावेजों में हिज्ब-उत-तहरीर, इस्लामिक स्टेट और खिलाफा सरकार और उसके वित्त पोषण के ढांचे आदि की विचारधारा वाली किताबें और प्रिंट आउट शामिल हैं। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान तंजावुर के अब्दुल रहमान और मुजीबुर रहमान के रूप में हुई है। दोनों हिज्ब उत-तहरीर एक कट्टरपंथी संगठन है, जो खलीफा को फिर से स्थापित करने के लिए काम कर रहा है।

### केदारनाथ के पास पहाड़ से टूटकर गिरा ग्लेशियर



**देहरादून।** उत्तराखंड में केदारनाथ मंदिर के पीछे की पहाड़ियों में रविवार सुबह एक बार फिर से एवलांच आया। हालांकि, इससे किसी भी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ है। सुबह 5.06 बजे गांधी सरोवर के ऊपर पहाड़ से ग्लेशियर टूटकर गिरने लगे। इससे वहां मौजूद श्रद्धालुओं की चिंता को बढ़ा दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने इस घटना का वीडियो बना लिया, जो अब काफी वायरल हो रहा है। सूचना मिलने के बाद आपदा प्रबंधन और एसडीआरएफ की टीमें मौके पर पहुंची हैं। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि पहाड़ी पर इस प्रकार के एविलांच आते रहते हैं।

### संसद में करूंगा आपकी आवाज बुलंद: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने विपक्ष के नेता को हर भारतीय के लिए सबसे मजबूत लोकतांत्रिक औजार बताया है। उन्होंने रविवार को कहा कि वह इस भूमिका में संसद में भारत के लोगों की आवाज उठाएंगे। लोकसभा में विपक्ष के नेता बने राहुल ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में एक वीडियो संदेश भी शेयर किया। इसमें उन्होंने कहा, मैं आपकी समस्याओं और मुद्दों को संसद में पूरी ताकत से उठाकर आपकी आवाज बुलंद करूंगा। मालूम हो कि लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद 10 साल के अंतराल के बाद भरा गया है।

## पेरिस ओलंपिक ... पोशाक और खेल किट जारी




*नई दिल्ली। खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया और पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने रविवार शाम नई दिल्ली में एक समारोह के दौरान पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय दल की औपचारिक पोशाक और खेल किट का अनावरण किया। अवसर पर एक समूह तस्वीर में दोनों मंत्री व अन्य लोग।*

### झारखंड में निर्माणाधीन पुल ढहा



**रांची।** बिहार के बाद अब झारखंड में भी एक निर्माणाधीन पुल ढह गया है। गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड में अरगा नदी पर बन रहे पुल का पिलर भारी बारिश के चलते धंस गया, जिससे गार्डर टूटा और पुल जमींदोज हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि फिलहाल किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। घटना शनिवार रात झारखंड की राजधानी रांची से करीब 235 किलोमीटर दूर देवरी ब्लॉक में हुई। सूत्रों ने कहा कि पुल का निर्माण करीब पांच करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। यह झारखंड के गिरिडीह और बिहार के जमुई जिले के दूरदराज के गांवों को जोड़ेगा। एक अन्य इंजीनियर ने कहा कि गार्डर पर शटरिंग का काम एक हफ्ते पहले हुआ था और इसे मजबूत करने के लिए कम से कम 28 दिनों की आवश्यकता थी।

पेपर लीक मामले में बड़ा कदम उठाने की तैयारी में केंद्र सरकार

# ऑनलाइन हो सकती है NEET UG की परीक्षा, मंथन शुरू

**एजेंसी** | नई दिल्ली

एनटीए की ओर से आयोजित नीट यूजी परीक्षा की सत्यनिष्ठा पर उठे विवाद के मद्देनजर केंद्र अगले साल से परीक्षा ऑनलाइन आयोजित करने की संभावना पर विचार कर रही है। वर्तमान में, नीट एक वार्षिक पेन-एंड-पेपर MCQ परीक्षा है - जहां उम्मीदवारों को दिए गए विकल्पों में से अपना उत्तर चुनना होता है और इसे ऑप्टिकली स्कैन की गई ओएमआर शीट पर अंकित करना होता है। मगर, आने वाले दिनों में नीट यूजी के लिए भी आईआईटी, जेईई मेन या जेईई एडवांस्ड जैसी कंप्यूटर आधारित परीक्षा को अपनाया जा सकता है। नीट यूजी परीक्षाओं को कंप्यूटर आधारित परीक्षा मोड में ले जाने से पेपर लीक और धोखाधड़ी



की संभावना को काफी कम किया जा सकता है। डिजिटल प्रश्नपत्रों को एन्क्रिप्ट किया जा सकता है और केवल परीक्षा के समय ही उन्हें देखा जा सकता है, जिससे समग्र सुरक्षा बढ़ती है। नीट पेपर लीक को लेकर बीते हफ्ते में करीब तीन उच्च-स्तरीय बैठकें हुई हैं, जहां मामले को लेकर अलग-अलग पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। 22 जून को केंद्र सरकार की ओर से पूर्व इसरो के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में 7 सदस्यीय पैनल का गठन किया गया। टेस्ट प्रक्रिया व डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधारों की सिफारिश करने और एनटीए की संरचना व कार्यप्रणाली की समीक्षा के लिए यह कमेटी बनाई गई।

### गोधरा से निजी स्कूल का मालिक गिरफ्तार

नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितता के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुजरात के गोधरा के एक निजी विद्यालय के मालिक को गिरफ्तार किया है। उस पर नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरोपियों के संपर्क में होने के संदेह है। इस संदेह के आधार पर सीबीआई ने यह कार्रवाई की है।आरोपी जिस स्कूल का मालिक हैं, जो कि पंचमहाल जिले के गोधरा के पास स्थित है। इस स्कूल में भी नीट-यूजी परीक्षा का आयोजन हुआ था। सरकारी वकील राकेश ठाकोर का कहना है कि आरोपी दीक्षित पटेल को रिमांड पर लेने के लिए सीबीआई उन्हें अहमदाबाद ले गई है।

### आज संसद में फिर हंगामे के आसार

लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे सप्ताह में भाजपा नीत राजग सरकार और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक की संभावनाएं हैं। 1 जुलाई को संसद की बैठक फिर से शुरू होगी, जिसमें नीट पेपर लीक विवाद, अग्निपथ योजना और महंगाई जैसे मुद्दों पर गर्मागर्म बहस की उम्मीद है। पहसे पत्र के पहले सप्ताह में विपक्ष नीट पेपर लीक विवाद को लेकर सरकार पर हमलावर था।

आपराधिक न्याय प्रणाली में बदलाव

## आज से बदल जाएंगे देश में 3 अहम कानून

**एजेंसी** | नई दिल्ली

देशभर में सोमवार से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे, जिससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएंगे और औपनिवेशिक काल के कानूनों का अंत हो जाएगा। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ब्रिटिश काल के क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे। नए कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी जिसमें 'जीरो एफआईआर', पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना, 'एसएमएस' (मोबाइल फोन पर संदेश) के जरिए समन भेजने जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और सभी जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल होंगे। भारतीय दंड संहिता में 511 धाराएं थीं, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 हैं। दरअसल 'ओवरलैप' धाराओं का आपस में विलय कर दिया गया तथा उन्हें सरलीकृत किया गया है। जिससे भारतीय दंड संहिता की 511 धाराओं के मुकाबले इसमें केवल 358 धाराएं होंगी। 'जीरो एफआईआर' से अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकता है, भले ही अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं हुआ हो। इससे कानूनी कार्यवाही शुरू करने में होने वाली देरी खत्म होगी और मामला तुरंत दर्ज किया जा सकेगा।



### ये होंगे अहम कदम

- जीरो एफआईआर
- पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना
- 'एसएमएस' के जरिए समन भेजना
- सभी जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी

### 45 दिन के भीतर आएगा फैसला

नए कानूनों के तहत आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय किए जाएंगे। दुष्कर्म पीड़िताओं का बयान कोई महिला पुलिस अधिकारी उसके अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज करेगी और मेडिकल रिपोर्ट सात दिन के भीतर देनी होगी। नए कानूनों में संगठित अपराधों और आतंकवाद के कृत्यों को परिभाषित किया गया है, राजद्रोह की जगह देशद्रोह लाया गया है और सभी तलाशी तथा जब्ती की कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराना अनिवार्य कर दिया गया है।

### बच्चों को खरीदना-बेचना जघन्य अपराध


महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर एक नया अध्याय जोड़ा गया है, किसी बच्चे को खरीदना और बेचना जघन्य अपराध बनाया गया है और किसी नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के लिए मृत्युदंड या उम्रकैद का प्रावधान जोड़ा गया है। नए कानूनों में महिलाओं व बच्चों के खिलाफ अपराधों की जांच को प्राथमिकता दी गई है जिससे मामले दर्ज किए जाने के दो महीने के भीतर जांच पूरी की जाएगी। नए कानूनों के तहत पीड़ितों को 90 दिन के भीतर अपने मामले की प्रगति पर नियमित रूप से जानकारी पाने का अधिकार होगा।

आतंकवादियों ने किया था तीर्थयात्रियों की बस पर हमला

## रियासी हमले में NIA ने छापे मारे

**एजेंसी** | श्रीनगर

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू कश्मीर के रियासी में आतंकवादी हमले के मामले में रविवार को राजौरी जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान विभिन्न वस्तुएं जब्त की गईं जिनसे आतंकवादियों और उनके सहयोगियों के बीच संबंधों का पता चलता है। रियासी में आतंकवादियों ने तीर्थयात्रियों की बस पर हमला किया गया था, जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी। NIA ने यह छापेमारी इस घटना के सिलसिले में गिरफ्तार एक संदिग्ध से की गई पूछताछ के आधार पर की है। संदिग्ध हाकम



खान उर्फ हाकिन दीन पर हमले में शामिल आतंकवादियों को सुरक्षित पनाहगाह व रसद सहायता प्रदान की थी। पुलिस के अनुसार पूछताछ के दौरान दीन ने बताया कि तीन आतंकवादी उसके घर पर ठहरे हुए थे। आतंकवादियों ने उसे 6,000 रुपए दिए थे।

### मंदिर में तोड़फोड़, 12 लोग हिरासत में

जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में अज्ञात लोगों ने एक मंदिर पर कथित रूप से तोड़फोड़ की। इस घटना के खिलाफ रविवार को हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। पुलिस ने विशेष जांच दल का गठन कर इस घटना के सिलसिले में कम से कम 12 लोगों को हिरासत में लिया है। उपायुक्त विशेष पॉल महाजन ने कहा कि पुलिस ने घटना का संज्ञान लिया है और प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बांग्लादेश के दौरे पर पहुंचे नौसेना प्रमुख त्रिपाठी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने अपनी पांच दिवसीय यात्रा पर रविवार को बांग्लादेश पहुंचे।इस यात्रा का उद्देश्य द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत बनाना तथा समुद्री क्षेत्र में सहयोग के नए रास्ते तलाशना है। नौसेना प्रमुख की यह यात्रा बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की भारत यात्रा के एक सप्ताह से अधिक समय बाद हो रही है जिसके दौरान दोनों पक्षों ने समग्र रक्षा और रणनीतिक संबंधों का विस्तार करने का संकल्प लिया था।

दो महीने पहले नौसेना की कमान संभालने के बाद एडमिरल त्रिपाठी की यह पहली आधिकारिक विदेश यात्रा है। नौसेना प्रमुख का अपने बांग्लादेशी समकक्ष एडमिरल एम नजमुल हसन और थलसेना प्रमुख तथा वायुसेना प्रमुख सहित बांग्लादेश की सेना के अन्य शीर्ष अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा करने का कार्यक्रम है। एडमिरल त्रिपाठी चार जुलाई को चटगांव में बांग्लादेश नौसेना अकादमी (बीएनए) में पासिंग-आउट परेड का भी निरीक्षण करेंगे।

मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी का संबोधन

# मां के साथ मिलकर या मां के नाम लगाएं पेड़: मोदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की पहले 'मन की बात' कार्यक्रम में विभिन्न मुद्दों पर बात की। इस दौरान उन्होंने संविधान में अपने अटूट विश्वास को दोहराया और आम चुनाव, आदिवासी कल्याण, पर्यावरण आदि का जिक्र किया। उन्होंने दुनिया के सभी देशों के लोगों से अपील की है कि अपनी मां के साथ मिलकर या उनके नाम पर एक पेड़ जरूर लगाएं। इससे पहले 'मन की बात' आखिरी बार 25 फरवरी को प्रसारित किया गया था, जिसके बाद लोकसभा चुनावों की वजह से इसे रोकना पड़ा था। पीएम मोदी ने कहा, मां से हमारा



रिश्ता अतुल्य है। 'मां' का दर्जा सबसे बड़ा होता है। मां को हम कुछ दे तो नहीं सकते, लेकिन कुछ कर तो सकते हैं। इसी सोच के साथ विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का नाम है - एक पेड़ मां के नाम। मैंने अपनी मां के नाम पर भी एक पेड़ लगाया है और अब आप भी लगाएं।

### मतदान के लिए देशवासियों को दिया धन्यवाद

मोदी ने कहा कि फरवरी में मैंने लोगों से कहा था कि चुनाव नतीजों के बाद मैं फिर मिलूंगा और आज मैं फिर से मन की बात के साथ आप के बीच आया हूं। पीएम मोदी ने कहा कि आज मैं देशवासियों को हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी अटूट आस्था को दोहराने के लिए धन्यवाद देता हूं। 2024 का चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था। दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ।

### ओलंपिक खेलों की तैयारी में जुटे खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया

पीएम ने कहा कि टोक्यो में हमारे खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने हर भारतीय का दिल जीत लिया। हमारे खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जी-जान से जुटे हुए थे। प्रधानमंत्री ने अगले महीने पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों को भी प्रोत्साहित करने का काम किया। भारतीय एथलीटों ने 900 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। उन्होंने लोगों से खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए 'Cheer4Bharat' हैशटैग का उपयोग करने का आग्रह किया।

### Araku Coffee की बताई खासियत

पीएम ने कहा कि जब हम वोकल फॉर लोकल की बात करते हैं तो इसमें Araku coffee की बात भी जरूरी है। पीएम ने इसी दौरान आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के साथ का एक किस्सा सुनाया। पीएम ने कहा कि विशाखापत्नम में सीएम के साथ मुझे इस कॉफी का स्वाद लेने का मौका मिला था। Araku coffee को कई ग्लोबल अवार्ड मिले हैं। G-20 समिट में भी ये कॉफी छाई हुई थी।

उत्तर प्रदेश में झमाझम

## गुजरात में बारिश का कहर, बाढ़ के हालात

**एजेंसी** | अहमदाबाद/नई दिल्ली

देश के ज्यादातर हिस्सों में पहुंच चुके मानूसन के कारण रविवार को कई राज्यों में कहीं हल्की तो कहीं तेज वर्षा हुई। उत्तर प्रदेश में कई जिलों में झमाझम वर्षा हुई। वहीं गुजरात में बारिश ने कहर बरपा रखा है। कई इलाकों में रविवार को भारी बारिश हुई, जिससे अहमदाबाद और सूरत सहित कुछ शहरों में जलभराव से सामान्य जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। बारिश से सूरत में कई जगह सड़कों पर तीन फीट तक पानी भर गया। सूरत जिले के पलसाना तालुका में पिछले दस घंटों में 153 मिमी बारिश हुई, जो राज्य में सबसे अधिक है। अधिकारियों ने बताया कि भारी बारिश के कारण सूरत, भुज, वापी, भरूच और अहमदाबाद के निचले इलाकों में पानी भर जाने के कारण यातायात प्रभावित हुआ, जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, सौराष्ट्र क्षेत्र से सटे उत्तर-पूर्व अरब सागर पर चक्रवाती परिसंचरण के कारण गुजरात में भारी बारिश हो रही है। आईएमडी ने बताया कि दक्षिण और मध्य गुजरात तथा सौराष्ट्र क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर अगले दो दिनों में भारी बारिश होने की संभावना है।

## युवा नाट्य समारोह: जवाहर कला केंद्र में नाटक कठपुतलियां का मंचन

# मनुष्य की जागृति का दिया संदेश

### वरिष्ठ साहित्यकार मनीषा कुलश्रेष्ठ की कहानी से प्रेरित है नाटक





**बेधड़क.जयपुर।** युवाओं की ऊर्जा, रचनात्मकता और रंगमंच में प्रयोग से तैयार नाटकों से रूबरू करवाने वाले युवा नाट्य समारोह का रविवार को समापन हुआ। अंतिम दिन वरिष्ठ साहित्यकार मनीषा कुलश्रेष्ठ की कहानी से प्रेरित नाटक 'कठपुतलियां' का मंचन हुआ। अनुराग सिंह ने नाट्य रुपांतरण और निर्देशन किया। नाटक मनुष्य के अंदर की चेतना और जागृति की बारे में बात करता है और प्रेम की गहराई और शुद्धता को टटोलता है। कामनाओं के पाश में बंधा इंसान दृष्टिहीन होकर उनकी पूर्ति की ओर बढ़ता है तो कठपुतलियों की तरह ही हो जाता है। मन उसे इधर—उधर दौड़ाता रहता है। वहीं संयम के साथ जब वह विचार करता है तो प्रेम और मोह के अंतर को समझ पाता है। नाटक की नायिका अपने ही कथित प्रेम के लावण्य में जिस तरह उलझी रहती है और अंततः वो चेतन होकर यह समझ पाती है की स्त्री केवल मोहपाश में बंधी हुई कोई भौतिक वस्तु ना होकर के एक सृजनकर्ता, ममत्व से भरी हुई, प्रकृति, मां है।

### रामकिशन और सुगना की कहानी

ये कहानी है कठपुतली कलाकार रामकिशन और सुगना की। रामकिशन कुशल कठपुतली कलाकार है। दुर्भाग्यवश बच्चे को जन्म देने के बाद उसकी पत्नी का निधन हो जाता है। सरल स्वभाव रामकिशन खुद बच्चे को पालता है। वह बच्चे को साथ लेकर गांव-गांव जाकर कठपुतली का खेल भी दिखाता है। इधर दूसरे गांव में रहने वाली सुगना जग्गू गाइड से प्यार करती है। जग्गू उसे सब्जबाग दिखाता है और जीप खरीदने के बाद शादी करने की बात कहता है। सुगना के परिजन उसका विवाह रामकिशन से कर देते है। सुगना जग्गू को भुला नहीं पाती है और उसका मन बार-बार उसे बीते दिनों में ले जाता है। रामकिशन सुगना की हर भावना की कदर करता है। अंतत: सुगना को रामकिशन की नेकदिली का एहसास होता है और वह खुशी-खुशी अपनी गृहस्थी बसाती है। नाटक में कई बार मुखौटे लगाकर पात्रों को कठपुतली की तरह दिखाया गया है जो दर्शकों को बड़ा आकर्षित करता है।





### इन्होंने किया नाटक में अभिनय

नाटक में कुलदीप सिंह, नारायण सिंह चौहान, शिवांगी बैरवा, महावीर सैन, प्रभु प्रजापत, विभूति नारायण चौधरी, अंकित शाह, विकास जैन, दुष्यंत हरित व्यास, आराधना शर्मा, गरिमा पंचोली, रेखा जैन, कोमल पारीक, दिव्या ओबेरॉय, राहुल रांका, दिनेश चौधरी आदि कलाकरों ने अभिनय किया।

## वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ



**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान गुर्जर महासभा युवा प्रकोष्ठ द्वारा श्री देव डूंगरी दिल्ली बाईपास स्थित श्री देवनारायण मंदिर पर 30 जून को प्रातः राजस्थान गुर्जर महासभा द्वारा वृक्षारोपण समारोह आयोजित किया गया है। समारोह में मुख्य अतिथि जयपुर नगर निगम हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा -वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण के प्रति विशेष जागरूकता की आवश्यकता है। राजस्थान गुर्जर महासभा द्वारा की गई पहल स्वागत योग्य है। इससे प्रदेश के युवाओं में एक सकारात्मक संदेश जाएगा। समारोह को संबोधित करते हुए अखंड भारत गुर्जर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ देवनारायण गुर्जर ने कहा-हजारों वर्ष पहले भगवान श्री देवनारायण ने ग्रामीण अंचलों में बनियों को विकसित करने तथा वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान देने के समाज को जागृत किया था।

## श्रमिकों को निशुल्क चश्मे




**बेधड़क. जयपुर।** रोड सेफ्टी लाईन संस्था की ओर से शनिवार को मालवीय नगर औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों के लिए नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। ऋषि तलवार और निताशा भाटिया के सौजन्य से आयोजित कैम्प में 136 लोगों की आंखों की जांच की गयी। वहीं 95 लोगों को नि:शुल्क चश्मे वितरित किए गए। बड़ी संख्या में महिला कामगरों ने भी शिविर में लाभ उठाया। इस दौरान संस्था के अध्यक्ष रिटा. आईएएस सतीश चन्द्र देराश्री, वरिष्ठ सदस्य जसवंत सिंह, सुरेन्द्र कुमार भाटिया मौजूद रहे। संस्था के सेक्रेटरी श्री पी.के. भाटिया ने बताया कि रोड सेफ्टी लाइन संस्था नियमित रूप से विभिन्न स्थानों विशेषकर राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले ट्रक चालकों के लिये नि:शुल्क नेत्र जांच और चश्मा वितरण कार्यक्रम आयोजित करता है। इस क्रम में अब तक 67 कैम्प लगाकर लगभग 6 हजार चश्मे वितरित किए जा चुके हैं।

## City इवेंट्स

### टीम नकुल रेंटल ने तैयार किया गाउन



**बेधड़क. जयपुर।** टीम नकुल रेंटल की ओर से क्रिस्टल कोर्ट में नैंसी त्यागी से प्रेरित होकर गुलाबी रंग का गाऊन तैयार किया गया, जिसमें नकुला की ऑनर दो बहनें विनीता सुथार और स्वाति सुथार , मेकअप आर्टिस्ट दीक्षा सबनानी, फोटोग्राफर मनीष एंड सुमन शामिल थे। मॉडल चंचल पटवा ने आउटफिट को पहना और वॉक की। कार्यक्रम के दौरान हॉल में टीम नकुला के शानदार प्रदर्शन की सराहना की गई।

### ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन



**बेधड़क. जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मंडल पर जयपुर डिविजन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा पहली बार समर शिविर लगाया गया। जो कि दिनांक 15 जून 2024 से 30 जून 2024 को जयपुर के रेलवे गणपति नगर में शिविर लगा। इस शिविर में बास्केटबॉल एथलेटिक्स और बैडमिंटन में कोचिंग दी गई। तीन खेलों में लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया जो की रेलवे कर्मचारियों के बच्चे थे । शिविर का आयोजन सुबह व शाम किया जाता था। इस शिविर में बास्केटबॉल के कोच हेमंत कुमार विजय प्रताप सिंह एथलेटिक्स में धर्मवीर सिंह,दिनेश चौधरी एवं बैडमिंटन में रणधीर सिंह और नरेंद्र कुमार द्वारा कोचिंग दी गई। जिसके समापन समारोह में जयपुर मंडल के डीआरएम एवं JDSA के प्रेसिडेंट श्री विकास पुरवार तथा जयपुर मंडल के खेल सचिव एवं Sr DSTE श्री किशन स्वरूप ने सभी खिलाड़ियों को JDSA की तरफ से सर्टिफिकेट बांटे एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### डॉ. माथुर को इंस्पायरिंग डर्मेटोलॉजिस्ट अवॉर्ड



**बेधड़क. जयपुर।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर दिल्ली में आयोजित डॉक्टर्स डे कॉन्क्लेव में राजस्थान अस्पताल जयपुर के वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दिनेश माथुर को इंस्पायरिंग डर्मेटोलॉजिस्ट के अवॉर्ड से नवाजा गया। डॉक्टर माथुर सवाई मानसिंह हॉस्पिटल के त्वचा रोग विभाग के अध्यक्ष पद, अतिरिक्त प्राचार्य, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान, विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति, राजस्थान के चिकित्सा निदेशालय के एडस के परियोजना निदेशक आदि कई पदों पर कार्य कर चुके हैं। इस अवसर पर डॉ. माथुर ने कहा कि यह अवॉर्ड सतत चिकित्सा शिक्षा, रोगी केंद्रित चिकित्सा, नैतिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए, परिवार एवं सहयोगियों के सहयोग के से ही संभव हो पाया है।

## सकारात्मक संदेश देने का प्रयास

# प्रदेश स्तर पर किया मुस्लिम तेली समाज की प्रतिभाओं का सम्मान





**बेधड़क | जयपुर**

ई पॉवर मोटर्स भांकरोटा जयपुर के तत्वाधान में मुस्लिम तेली समाज की प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ई- पॉवर मोटर्स के निदेशक जनाब कमरुद्दीन खान डोब वाले ने बताया कि मुस्लिम तेली समाज के 52 ग्रोत्र के जिन विद्यार्थियों ने 10वीं क्लास 60% या इससे ऊपर अंक प्राप्त करने वाले विधार्थियों का सम्मान किया गया। कमरुद्दीन खान ने बताया कि समाज में शिक्षा की जागरुकता लाने के लिए विधार्थियों का सम्मान समारोह रखा गया। इससे समाज में नया संदेश पहुंचेगा, जिससे विद्यार्थी शिक्षा की ओर प्रेरित होंगे। सम्मान समारोह में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे, जिसमें मुख्य अतिथि रिटायर्ड जिला कलेक्टर जनाब यू. डी खान साहब उपस्थित रहे।

## टॉपनोच फाउंडेशन ने किया कार्यक्रम का आयोजन

# ज्योतिषाचार्य पुरुषोत्तम गौड़ को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम अवॉर्ड



**बेधड़क | जयपुर**

ज्योतिषाचार्य पंडित पुरुषोत्तम गौड़ को दिल्ली में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्रेरणास्पद अवार्ड से सम्मानित किया गया। टॉपनोच फाउंडेशन के तत्वावधान में 29 जून को भारत मंडपम न्यू दिल्ली में शाम 8 बजे आयोजित सम्मान समारोह में राजस्थान के श्रेष्ठ ज्योतिषाचार्य के रुप में पंडित पुरुषोत्तम गौड़ को समारोह के अतिथि वॉलीवुड फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी, मंत्री उत्तरप्रदेश रघुराम सिंह, सांसद बांसुरी स्वराज, केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह ने सम्मान समारोह में राजस्थान के श्रेष्ठ ज्योतिषाचार्य के रूप में पंडित पुरुषोत्तम गौड़ को सम्मानित किया।

ज्योतिषाचार्य पंडित पुरुषोत्तम गौड़ 30 वर्षो से भविष्यवक्ता व कुन्डली विश्लेषक हैं। गुरु कृपा से किसी वे किसी भी जिज्ञासु व प्रश्नकर्ता को बिना कुछ पूछे ही उनके प्रश्नों को पर्चा पर लिख कर पढ़ा देते है और समाधान के लिए उपाय भी सुझाते हैं। प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त और श्री श्री 1008 परम पूज्य गुरुदेव श्री हैड़ाखान बाबाजी उत्तराखंड के शिष्य अंतरराष्ट्रीय ख्यातिनाम ज्योतिषाचार्य पंडित पुरुषोत्तम गौड़ विश्व विख्यात भविष्यवक्ता व कुन्डली विश्लेषक हैं। गुरु कृपा से किसी भी जिज्ञासु प्रश्नकर्ता को बिना कुछ पूछे ही पंडित गौड़ उनके प्रश्नों को पेपर पर लिख कर बता देते है और समाधान के लिए उपाय भी सुझाते हैं। हजारों कुंडलियों का विश्लेषण और समाधान व अनेकों सटीक भविष्यवाणियों के लिए जाने जाते हैं।

**सीए दिवस** | मुख्य अतिथि ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का किया शुभारंभ

# जयपुर शाखा ने विकसित भारत के लिए लगाई दौड़

**बेधड़क | जयपुर**

भारतीय सीए संस्थान के 76वें स्थापना दिवस (1 जुलाई) के उपलक्ष्य में जयपुर शाखा द्वारा 21 जून से 1 जुलाई तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन्ही कार्यक्रमों की कड़ी में आज 30 जून को जयपुर शाखा द्वारा "विकसित भारत के लिए दौड़" का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सेंट्रल कॉउन्सिल मेंबर सीए प्रकाश शर्मा, डॉ. साधना आर्य और किरणजीत सिंह ने झंडी दिखाकर इस दौड़ का शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया की पुरे भारत वर्ष में कुल 176 सीए ब्रांचेज है और पहली बार सभी ब्रांचो द्वारा इस दौड़ का आयोजन एक साथ किया गया।

इस दौड़ का उद्देश्य 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के करीब लाने का साहसिक संकल्प लेना है। रीजनल काउंसिल मेंबर सीए अनिल कुमार यादव ने बताया कि इस दौड़ का मुख्य लक्ष्य सीए सदस्यो और सीए छात्रों में स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सामाजिक एकता और सहयोग को प्रोत्साहित करना, और राष्ट्र के विकास में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस तरह का आयोजन हमारे देश के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जो हमें एक विकसित और सशक्त भारत के सपने को साकार करने की दिशा में प्रेरित करता है।



### जुम्बा डांस का आनंद लिया

जयपुर शाखा के अध्यक्ष सीए नवीन शर्मा और सचिव सीए विजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि दौड़ से पहले सभी सदस्यों और छात्रों के लिए जुम्बा डांस का आयोजन किया गया जिसमें सभी उपस्थित सदस्यों और छात्रों ने भरपूर आनंद लिया। इस दौड़ के लिए लगभग 4 किलोमीटर का मार्ग किया गया जो जयपुर शाखा से शुरू होते हुए गांधी सर्किल, कॉमर्स कॉलेज होते हुए वापिस जयपुर शाखा में समाप्त हुई। इस कार्यक्रम में 700 से अधिक सदस्यों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। 1 जुलाई 2024 को भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट्स संस्थान (ICAI) के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, सोमवार, 01 जुलाई, 2024





बुद्धि उम्र से नहीं, बल्कि शिक्षा और सीख से आती है।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ,
सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### युद्ध में अब तक मारे गए 37 हजार 834 फिलिस्तीनी... 86 हजार से ज्यादा हुए घायल

# गाजा पट्टी में इजराइल का अटैक... 40 की मौत



**एजेंसी** | काहिरा

गाजा पट्टी पर पिछले 24 घंटों में तीन इजराइली हमलों में चालीस लोगों की मौत हो गई, जबकि 224 घायल हो गए। एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पीड़ितों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने टेलीग्राम पर कहा कि पिछले 24 घंटों में इजराइली रक्षा बलों ने गाजा पट्टी में परिवारों के तीन नरसंहार किए हैं, जिसमें 40 लोग मारे गए और 224 घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा पर इजराइल के युद्ध में मारे गए फिलिस्तीनियों की कुल संख्या बढ़कर 37 हजार 834 हो गई और घायलों की संख्या 86 हजार 858 हो गई।

गौरतलब है कि फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने 7 अक्टूबर, 2023 को इजराइल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन कर नागरिक पड़ोस और सैन्य ठिकानों दोनों पर हमला किया। हमले के दौरान इजराइल में लगभग 1,200 लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया।

### स्कूल परिसर में मिला हथियार डिपो

इजरायली सैन्य प्रवक्ता अविचाय एड्रै ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजराइली सेना शुजाया क्षेत्र में आतंकवादी ठिकानों पर हमला जारी रखे हुए हैं। पिछले कुछ घंटों में सेना ने झड़पों में कई आतंकियों को मार गिराया और इजराइली सैनिकों को क्षेत्र में एक स्कूल परिसर के अंदर एक हथियार डिपो मिला है। एड्रै के अनुसार, रफाह में इजराइली सेना ने कई आतंकवादियों को मार गिराया और सुरंग सहित कई आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट कर दिया।

### हालात और भी बदतर

इस बीच, फिलिस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि हजारों लोग आश्रय, भोजन, दवा और स्वच्छ पानी की समस्या झेल रहे हैं। हालात और भी बदतर हो गए हैं। पेंटागन ने घोषणा की कि मानवीय सहायता के लिए गाजा के तट पर लंगर डाले हुए अमेरिकी जहाज को प्रतिकूल मौसम के कारण हटा दिया गया है।

### श्रद्धालुओं के साथ की करोड़ों रुपए की ठगी

# सिंगापुर में महिला धर्मगुरु को 10 साल की जेल

**एजेंसी** | सिंगापुर

सिंगापुर में 54 साल की धर्मगुरु वू मे हो को साढ़े दस साल जेल की सजा सुनाई गई है। कोर्ट ने उन्हें अपने भक्तों के साथ धोखाधड़ी करने और उन्हें चोट पहुंचाने समेत 5 आरोपों में दोषी पाया है। वू मे हो ने अपने भक्तों का ब्रेनवॉश कर उनसे 43 करोड़ रुपए ठगे। वह अपने भक्तों को बताती थी कि वह एक देवी है और उसके आदेश न मानने पर क्रूर सजा देती थी।

अगर भक्त वू मे हो के आदेश का पालन नहीं करते थे तो वह उन्हें क्रूर सजा देती थी। वू मे हो अपने भक्तों को उनका मल खिलाने, प्लास से दांत निकालने, कैंची से मारने और इमारत की दूसरी मंजिल से कूदने को कहती थी।

इन अमानवीय कृत्यों से भक्तों को शारीरिक और मानसिक यातनाएं सहनी पड़ती थीं।



### देवी रूप धारण करने का करती थी ढोंग

वू मे हो खुद को भारतीय धर्मगुरु श्री शक्ति नारायणी अम्मा की भक्त बताती है और हमेशा देवी जैसी साड़ी और मेकअप करके रहती है। वह सिंगापुर में 2012 से 30 भक्तों के समूह वाला एक आश्रम चला रही है। वू मे हो का दावा है कि वह देवताओं और आत्माओं से बात कर सकती है और इसी कारण भक्त उस पर विश्वास करते थे।

### मारपीट के केस में हुई थी अरेस्ट

वू मे हो पर 2020 में मारपीट के केस में गिरफ्तार किया गया। भक्त ने बताया कि त्योहार के दौरान वू ने उस पर 5 केन से हमला किया, जिससे उसके सिर और चेहरे पर गंभीर चोट आई और एक आंख भी फूट गई। दर्द की शिकायत करने पर वू ने उसे 'पवित्र जल' पीने और आंखों में डालने को कहा, जिससे उसकी आंख खराब हो गई।

### भक्तों से ऐंठे 43 करोड़ रुपए

कोर्ट में वू मे हो के भक्तों ने बताया कि वे बीमारियां ठीक कराने और जीवन बेहतर बनाने के लिए उसके पास जाते थे। इसी दौरान वू मे हो उनसे पैसे मांगती थी और कहती थी कि उन्हें अपने 'बुरे कर्म' को साफ करने के लिए भारत में अम्मा को पैसे भेजने होंगे। इस तरह वू मे हो ने भक्तों से 43 करोड़ रुपए ठगे।

### भारत में खर्च किया दान का पैसा

वू ने दावा किया कि वह पैसे को भारत में गायों की देखरेख, मंदिर और स्कूल बनाने के लिए खर्च करती है। भक्तों ने आरोप लगाया कि वू ने उनसे जरूरी सामान खरीदने, खाना, सफाई और गाड़ियों का इंतजाम करने को मजबूर किया।

### कराची के मारीपुर उपनगरीय क्षेत्र में न्यू अदा इलाके में हुई दुर्घटना

# पाक: यात्री बस पलटी, 7 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में रविवार को एक यात्री बस के पलट जाने से सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 14 अन्य घायल हो गए। बचाव सेवा के कर्मियों ने बताया कि कराची के मारीपुर उपनगरीय क्षेत्र में न्यू अदा इलाके के पास 41 यात्रियों को ले जा रही एक तेज रफ्तार बस सड़क किनारे फुटपाथ से टकराने के बाद पलट गई। पुलिस और बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे तथा शवों और घायलों को शहर के सिविल अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में पहुंचाया।



बचावकर्ताओं ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि घायलों में से कई की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि मृतकों में चार बच्चे, दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं जो भंगोरिया गोथ क्षेत्र के एक ही परिवार के सदस्य थे।

यह परिवार पिकनिक मनाने के लिए तटीय क्षेत्रों में जा रहा था। दक्षिणी सिंध प्रांत के गवर्नर कामरान टेसोरी ने मृतकों के प्रति संवेदना व्यक्त की और अधिकारियों को घायलों को सर्वश्रेष्ठ उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया।



### 'फ्रीडम एज' की निंदा की

***सियोल।*** *उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया, जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास 'फ्रीडम एज' की निंदा की और इसे 'नाटो का एशियाई संस्करण' बताया तथा 'घातक परिणामों' की चेतावनी दी। वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया की 8वीं केंद्रीय समिति के 10वें अधिवेशन को संबोधित करते हुए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने ये बात कहीं।*

### एलन मस्क को कॉन्ट्रैक्ट

# स्पेस स्टेशन को तबाह करेगा नासा

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

अंतरिक्ष में मौजूद इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) विज्ञान का करिश्मा है। यहां अंतरिक्ष यात्री जाते हैं और लंबा समय बिताते हैं। इस दौरान वह रिसर्च करते हैं, लेकिन अब नासा ISS को तबाह करने वाला है। इसे बनाने में जहां अरबों डॉलर लगे हैं तो इसे तबाह करना भी सस्ता नहीं होने वाला। नासा ने एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स को स्टेशन को सुरक्षित रूप से कक्षा से बाहर निकालने और पृथ्वी पर सुरक्षित रूप से गिराने के लिए 843 मिलियन डॉलर (70 अरब रुपए) का कॉन्ट्रैक्ट दे रहा है। ISS को 2030 में रिटायर किया जाएगा। स्पेसएक्स का एक विशेष रूप से डिजाइन किया गया डिऑर्बिट वाहन 2030 में फुटबॉल मैदान के आकार वाले ISS को फिर धरती पर गिरा देगा। ISS 27300 किमी प्रति घंटे से ज्यादा स्पीड से हमारे वायुमंडल में प्रवेश करेगा। इसके बाद यह समुद्र में एक निश्चित स्थान पर क्रैश कर जाएगा। अंतरिक्ष संचालन मिशन निदेशालय के लिए नासा के सहयोगी प्रशासक केन बोवरसॉक्स ने कहा कि स्पेस स्टेशन को ऑर्बिट से वापस लाना भविष्य के वाणिज्य गंतव्यों के लिए नासा की योजनाओं का समर्थन करता है और पृथ्वी के निकट अंतरिक्ष के निरंतर इस्तेमाल की इजाजत देता है।



### अंतरिक्ष में 3300 से ज्यादा प्रयोग

इस अंतरिक्ष प्रयोगशाला का पहला हिस्सा 1998 में लॉन्च किया गया था। साल 2000 से इस पर अमेरिका, जापान, रूस, कनाडा और यूरोप के अंतरिक्ष यात्री जाते रहे हैं। पृथ्वी के ऊपर की कक्षा में 3300 से ज्यादा वैज्ञानिक प्रयोग पूरे किए गए हैं, लेकिन हर एक चीज का कभी न कभी अंत होता है। स्पेस स्टेशन भी उन्हीं में से एक है।

### ISS के लिए बढ़ा खतरा

स्पेस स्टेशन को लगातार बढ़ते अंतरिक्ष कचरे के जोखिम का भी सामना करना पड़ता है। अभी ISS पर मौजूद 9 अंतरिक्ष यात्रियों को स्पेस स्टेशन से जुड़े बोइंग स्टारलाइनर क्रू कैप्सूल में शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। ऐसा इसलिए क्योंकि एक निष्क्रिय रूसी सैटेलाइट स्पेस में ब्लास्ट कर गई थी। इसके मलबे स्पेस स्टेशन के लिए खतरनाक साबित हो सकते थे। लगभग एक घंटे के बाद चालक दल को ISS में लौटने की इजाजत दी गई और फिर सबकुछ सामान्य रूप से चला।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl